दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 170 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 15 जुलाई, 2025

## मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# राजस्थान बनेगा ग्लोबल मेडिकल टूरिज्म का हब

## 3 नई नीतियों को मंजूरी



## नए रोजगार व पदोन्नति के अवसरों में वृद्धि के लिए सेवा नियमों में संशोधन

## आरपीएससी में होंगे 10 सदस्य

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में नियोजित नगरीय विकास को प्रोत्साहन देने, मेडिकल ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने, अक्षय ऊर्जा सहित ऊर्जा क्षेत्र के विकास, कर्मचारी कल्याण व विभिन्न संवर्गों के कार्मिकों के लिए पदोन्नति के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप राजस्थान को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे के साथ प्रमुख मेडिकल टूरिज्म हब बनाने के उद्देश्य से मंत्रिमण्डल की बैठक में मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान नीति-2025) के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। यह नीति राजस्थान को सुलभ, किफायती लागत और भरोसेमंद मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (एम.वी.टी.) डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगी। यह नीति स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्रों को एकीकृत करके आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, और वैश्विक ब्रांडिंग को बढ़ावा देगी। इस नीति के तहत निवेशकों को राजस्थान निवेश संवर्धन योजना (रिप्स), राजस्थान औद्योगिक विकास नीति और पर्यटन नीति के तहत प्रोत्साहन उपलब्ध कराये जायेंगे तथा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप और वायबिलिटी गैप फंडिंग का भी उपयोग किया जाएगा। खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि हील इन राजस्थान नीति-2025 से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एमवीटी से जुड़े डिजिटल इकोसिस्टम का विकास सुनिश्चित होगा। मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हो सकेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, योग, यूनानी, और सिद्ध को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इस पॉलिसी के तहत एक समर्पित एमवीटी सेल की स्थापना की जाएगी और एमवीटी सुविधा प्रदाता और सेवा प्रदाताओं को प्रमाणित किया जाएगा। पॉलिसी के तहत एमवीटी पोर्टल और मोबाइल एप विकसित किया जाएगा व टेलीमेडिसिन, बायोटेक्नोलॉजी और एप-आधारित डायग्नोस्टिक्स में प्रगति को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, टेलीकंसल्टेशन और बहुभाषी हेल्पलाइन सेवाएं स्थापित की जाएगी।



### राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति, 2025 का अनुमोदन

*गोदारा ने बताया कि गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढावा देने के लिए राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति, 2025 का अनुमोदन भी मंत्रिमंडल की ओर से सोमवार को किया गया। इससे राज्य में कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिलेगी और स्वच्छ, सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक गैस की पहुंच आमजन तक सुलभ हो सकेगी। इस नीति से सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) के इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही इससे पीएनजी व सीएनजी नेटवर्क का छोटे शहरों व नगरों में तेजी से विस्तार हो सकेगा। इस नीति में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए अनुमति, भूमि आवंटन व अनुमोदन की प्रक्रिया को समयबद्ध व सरल बनाया गया है। इसके लिए सीजीडी पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। यह नीति 31 मार्च 2029 तक अथवा अन्य नीति लागू होने तक प्रभावी रहेगी।*

### प्रक्रियाधीन भर्ती में रिक्तियों की संख्या में सौ प्रतिशत तक वृद्धि का प्रावधान

उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने बताया कि वर्तमान में विविध सेवा नियमों में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या का 50 प्रतिशत तक वृद्धि कर चयन किए जाने का प्रावधान है। वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा की अनुपालना में इसे बढ़ाते हुए विज्ञप्ति जारी होने के बाद भी रिक्तियों की संख्या में सौ प्रतिशत तक वृद्धि का प्रावधान करने का निर्णय किया गया है। इस संशोधन से प्रक्रियाधीन भर्ती के दौरान उसी भर्ती में अधिक संख्या में रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे व इससे विभागों में रिक्त पदों की संख्या में कमी आएगी।

### कार्मिकों को पदोन्नति के लिए वांछित अनुभव में 2 वर्ष का शिथिलन

डॉ. बैरवा ने बताया कि मंत्रिमंडल ने कार्मिकों के हित को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025-26 में पदोन्नति हेतु नीचे के पद पर वांछित अनुभव अथवा सेवा अवधि में 2 वर्ष का शिथिलन दिए जाने का निर्णय किया है। यह शिथिलन ऐसे कार्मिकों को दिया जा सकेगा, जिन्होंने वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 के दौरान वांछित अनुभव या सेवा अवधि में कोई शिथिलन नहीं लिया है। कार्मिक परिवीक्षाकाल के दौरान पदोन्नति के लिए पात्र नहीं होंगे। इसके लिए विभिन्न सेवा नियमों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शासन सचिवालय सेवा (मंत्रालयिक संवर्ग) के कार्मिकों को पदोन्नति के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान सचिवालय सेवा नियम-1954 में संशोधन किया जाएगा। इसके अनुसार वरिष्ठ उप शासन सचिव व उप शासन सचिव पदों के लिए निर्धारित अनुपात 13:10 के स्थान पर 16:10 में संशोधित किया जाएगा।

### ऊर्जा क्षेत्र में 3 ज्वाइंट वेंचर कंपनियों से आएगा 11 हजार 200 करोड़ का निवेश

पटेल ने बताया कि 8 अगस्त 2024 और 29 सितम्बर 2024 को राज्य सरकार और 3 केन्द्रीय पीएसयू के बीच हुए एमओयू की अनुपालना में तीन ज्वाइंट वेंचर कंपनियों के गठन के प्रस्तावों को भी सोमवार को मंजूरी दी गई। इन जेवी कंपनियों में राज्य सरकार की कंपनियों की शेयर हॉल्डिंग के लिए वर्तमान परिसंपत्तियों से अंश पूंजी की व्यवस्था की जाएगी। इन जेवी से राज्य में अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी, जो बिजली की पीक लोड डिमांड को पूरा करेगा। साथ ही, बिजली उत्पादन में प्रदेश के वित्तीय भार में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड और आरवीयूएनएल के बीच स्थापित होने वाली जे.वी. में हिस्सेदारी क्रमशः 74 प्रतिशत और 26 प्रतिशत रहेगी। इसमें आरवीयूएनएल के सोलर पार्क में 500 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना स्थापित की जाएगी। इस परियोजना से 2,000 करोड़ रुपये का प्रदेश में निवेश होगा। इसी प्रकार, अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए ऑइल इंडिया लिमिटेड एवं आरवीयूएनएल के मध्य ज्वाइंट वेंचर भी बनाई जाएगी। यह उपक्रम एक हजार मेगावाट की सौर ऊर्जा और 200 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगा। 50-50 प्रतिशत की शेयरधारिता वाली इस जेवी के माध्यम से प्रदेश में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। उन्होंने बताया कि गेल (इंडिया) लिमिटेड और आरवीयूएनएल के बीच 50-50 प्रतिशत की शेयरधारिता वाली जेवी की स्थापना की जाएगी। इस जेवी कम्पनी को गैस आधारित धौलपुर पावर प्लांट की 300 मेगावाट क्षमता की व रामगढ़ पावर प्लांट की 270.50 मेगावाट क्षमता की मौजूदा इकाइयों का हस्तान्तरण किया जाएगा। गेल इन दोनों पावर प्लांटों के संचालन के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। इससे इन पॉवर प्लांटों के संचालन और दक्षता में बढ़ोतरी होगी। यह जेवी 750 मेगावाट की सौर ऊर्जा व 250 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना की स्थापना भी करेगी। इससे राज्य में लगभग 4200 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### विविध सेवा नियमों में संशोधन को मंजूरी

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा में प्राध्यापक (कृषि) के पद पर सीधी भर्ती के लिए योग्यता में आई.सी.ए.आर. के स्थान पर यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त डिग्री को मान्य किया गया है। इसी प्रकार, एन.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्राप्त बीएड को ही मान्य किया गया है। इसके लिए राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम-2021 में संशोधन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग में राजस्थान अभियांत्रिकी अधीनस्थ सेवा (सिंचाई शाखा) नियम-1967 में पटवारी पद की शैक्षणिक योग्यता, भर्ती के लिए स्कीम व परीक्षा पाठ्यक्रम को राजस्व विभाग के पटवारी के समान की जा रही है। साथ ही, चयनित पटवारियों के प्रशिक्षण के लिए स्कीम व पाठ्यक्रम में परिवर्तन तथा भर्ती प्रक्रिया राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के माध्यम से कराये जाने के लिए भी सेवा नियमों में संशोधन की स्वीकृति दी गई है। इस संशोधन के उपरांत राजस्व विभाग, उपनिवेशन विभाग व जल संसाधन विभाग के पटवारी के समस्त पदों की एक सयुंक्त परीक्षा आयोजित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग में राजस्थान अभियांत्रिकी अधीनस्थ सेवा (सिंचाई शाखा) नियम-1967 में जिलेदार पद को सौ प्रतिशत पदौन्नति से भरे जाने के लिए आवश्यक संशोधन को भी केबिनेट ने स्वीकृति दी। विभाग में जिलेदार के सीधी भर्ती से नियुक्ति के लिए 15 पद स्वीकृत हैं, जो कि 30 पदों से कम की श्रेणी में होने के कारण राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से भर्ती नहीं हो पाने के फलस्वरूप रिक्त चल रहे थे।

## 'सुप्रीम' निर्णय : साक्ष्य के तौर पर पेश हो सकती है पति-पत्नी के बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग

### हरियाणा हाइकोर्ट का फैसला रद्द

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का वह फैसला रद्द कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि पत्नी की टेलीफोन पर बातचीत को उसकी जानकारी के बिना रिकॉर्ड करना उसके निजता के मौलिक अधिकार का 'स्पष्ट उल्लंघन' है और इसे परिवार न्यायालय में साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने सोमवार को यह फैसला देते हुए कहा कि वैवाहिक विवादों से संबंधित कार्यवाहियों में पति या पत्नी की गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई टेलीफोनिक बातचीत को साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुछ दलीलें यह दी गईं कि इस प्रकार के साक्ष्य की अनुमति देना वैवाहिक जीवन की सामंजस्यता को खतरे में डाल सकता है और दांपत्य जीवन में जासूसी को बढ़ावा देगा, जिससे भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के उद्देश्य का उल्लंघन होगा। हम मानते हैं कि यह तर्क स्वीकार्य नहीं है। अगर वैवाहिक संबंध इस स्तर पर पहुंच गए हैं जहां पति-पत्नी एक-दूसरे की जासूसी कर रहे हैं, तो यह स्वयं ही टूटे हुए रिश्ते और आपसी अविश्वास का संकेत है। सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की गई थी और पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें कहा गया था कि पत्नी की टेलीफोनिक बातचीत को उसकी जानकारी के बिना रिकॉर्ड करना निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे परिवार न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट का यह फैसला हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के तहत तलाक संबंधी एक मामले में दिया था। बठिंडा की परिवार न्यायालय ने पति को उसकी पत्नी के साथ फोन पर हुई बातचीत की



रिकॉर्डिंग वाली सीडी को क्रूरता के आरोपों को सिद्ध करने के लिए साक्ष्य के रूप में प्रयोग करने की अनुमति दी थी। पत्नी ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी, यह कहते हुए कि यह रिकॉर्डिंग उसकी सहमति के बिना की गई थी और इसे स्वीकार करना उसके निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। हाईकोर्ट ने उसकी बात स्वीकार करते हुए परिवार न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायालय ने कहा कि इस प्रकार की गुप्त रिकॉर्डिंग को साक्ष्य के रूप में मान्य करना अनुचित होगा, क्योंकि यह नहीं कहा जा सकता कि बातचीत किस संदर्भ में हुई थी या उसे किस प्रकार से उकसाया गया था। यह नहीं कहा जा सकता कि बातचीत किस परिस्थिति में हुई या बातचीत को किस तरीके से रिकॉर्ड करने वाले व्यक्ति ने प्रतिक्रिया प्राप्त की, क्योंकि स्पष्ट है कि ये बातचीत गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई थीं। पति ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। 12 जनवरी, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अनुमति याचिका पर नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता पति की ओर से अधिवक्ता अंकित स्वरूप ने तर्क दिया कि निजता का अधिकार पूर्ण नहीं है और इसे अन्य अधिकारों और मूल्यों के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 122 में उल्लिखित अपवाद का हवाला देते हुए कहा कि वैवाहिक कार्यवाहियों में पति-पत्नी के बीच की बातचीत को उजागर किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई

## संवेदनशीलता के साथ जन सेवा ही हमारा मूलमंत्रः भजनलाल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देने के लिए संकल्पित है और इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ सेवा को अपना मूल मंत्र मानते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। हमने प्रदेशभर में जनसुनवाई का ऐसा तंत्र सुविकसित किया है जो परिवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ ही जरूरतमंद को त्वरित सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराने में बेहद कारगर साबित हो रहा है। शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को आत्मीयता के साथ सुना और अधिकारियों को उनके संतोषपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुराज के संकल्पों को साकार करने की दिशा में आमजन को बुनियादी सुविधाएं नियमित और निर्बाध रूप से उपलब्ध कराए। जनकल्याण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय व अधिकारिता, ग्रामीण विकास व पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

## भोले के भक्त 'भजन' का सपत्नीक सहस्त्राभिषेक



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास स्थित राज राजेश्वरी मंदिर में भगवान शिव का सहस्त्राभिषेक किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सपत्नीक विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

## उत्तराखंड में आएगा बड़ा भूकंप ! वैज्ञानिकों ने जताई आशंका

**जयपुर टाइम्स/(एजेंसी)।।** हिमालय क्षेत्र विशेषकर उत्तराखंड में बड़ा भूकंप आ सकता है। यह आशंका देश के दिग्गज भू वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में जताई है। उनका कहना है कि हिमालयी क्षेत्र में प्लेटों के घर्षण की वजह से ऊर्जा एकत्र हो रही है, जिसकी आहट राज्य और आसपास आ रहे भूकंप के छोटे झटकों से मिल रही है। इसी वजह से जून में देहरादून में देश भर के भूवैज्ञानिक जुटे। उन्होंने वाडिया में ''अंडरस्टैंडिंग हिमालयन अर्थक्वेक्स'' पर और एफआरआई देहरादून में ''अर्थक्वेक रिस्क एसेसमेंट'' पर मंथन किया। इनमें वैज्ञानिकों ने स्पष्ट कहा कि अब जो भी बड़ा भूकंप आएगा, उसकी तीव्रता करीब 7.0 होगी।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
15 जुलाई, 2025


## खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एल्यूमनी एसोसिएशन द्वारा खेतान पॉलिटेक्निक कालेज परिसर में वृक्षारोपण



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एलूमनी एसोसिएशन द्वारा रविवार को कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष जी पी शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी संस्था द्वारा कई तरह के फलदार पौधे कॉलेज परिसर में लगाये गयें जिससे ग्रीन खेतान क्लीन खेतान का संकल्प साकार किया जा सकें। महासचिव दिनेश चंद सैनी ने बताया कि संस्था द्वारा आम, मौसमी, अंजीर, मौलसरी, अमलतास के छायादार एवं फलदार 8 फीट बड़े पौधे एवं ट्री गार्ड लगाए गये। संस्था वर्ष 2016 से निरंतर वृक्षारोपण कर सैकड़ों पौधे लगा चुकी है। कार्यक्रम के संयोजक रूघा राम पंवार ने बताया कि पेड़ों की सुरक्षा एवं देखभाल हेतु छात्र छात्राओं को जिम्मेदारी दी गई है एवं वे स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य ओ पी हरकूट, वर्तमान प्रधानाचार्य विनोद जांगिड, पूर्व व्याखाता के सी लवानिया, जी सी जैन, एसोसिएशन के एग्जीक्यूटिव कमिटी के सदस्य तथा अन्य सदस्य और उनके परिवार के सदस्य तथा छोटे बच्चे भी उपस्थित रहें। वृक्षारोपण के दौरान इंद्र देवता ने भी बारिश की बौछार से कार्यक्रम को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## नेत्र संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु करें उपाय

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने मानसून के दौरान बच्चों एवं आमजन में नेत्र संक्रमण के केसेज में वृद्धि होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नेत्र संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु चिकत्सकीय निर्देशों की पालना करने हेतु अपील की है।

### कंजक्टिवाइटिस से बचाव करें यह उपाय

उन्होंने बताया कि कंजक्टिवाइटिस से बचाव हेतु हाथों को साबुन या सैनेटाइजर से साफ रखें, आंखों को बार-बार ना छुए, आंखों को साफ पानी से धोए, आई फ्लू फैलने के दौरान पानी में ना स्वीमिंग ना करें, संक्रमित व्यक्ति के तोलिये, रूमाल, धोती इत्यादि से अपनी आंखे ना पोंछे।

### कंजक्टिवाइटिस के लक्षण

उन्होंने बताया कि कंजक्टिवाइटिस में आंखे लाल होना, आंखों में खुजली एवं सूजन का आना, आंखों से पीले रंग का श्राव होना तथा आंखों की पलके आपस में चिपक जाना है। साथ ही बच्चों को आई फ्लू के साथ बुखार भी आ सकता है।

### कंजक्टिवाइटिस का उपचार

उन्होंने बताया कि कंजक्टिवाइटिस उपचार हेतु आंखों की सफाई के लिए साफ रूमाल का उपयोग करें, आंखों को बार-बार न छुंए और खुजली होने पर न मसले, काले चश्मे का इस्तेमाल करें, आंखों में धुंधलापन एवं लक्षण महसूस होने पर अत्यधिक समस्या आने पर तुरन्त नेत्र चिकित्सक से परामर्श लेवे।

## बूथ लेवल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर में बूथ लेवल अधिकारियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक कलक्टर सुनीता यादव ने किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर में 3 जुलाई से 14 जुलाई तक चार बैच में बूथ लेवल अधिकारियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किए गए जिसमें विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदाता सूची से संबंधित कानूनी प्रावधानों, बीएलओ के कर्तव्यों, फॉर्म भरने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही केस स्टडी बीएलओ के डाउट क्लियर सत्र, वोटर हेल्पलाइन एप, बीएलओ एप के माध्यम से कार्य जैसे आवेदन भरने, नाम विलोपित करने, संशोधन आदि विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में बीएलओ को त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने एवं उनके कर्तव्य व कार्यकुशला के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोनिका शर्मा ने बीएलओ के दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि संबंधित भाग संख्या का कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जुडने से वंचित न रहे एवं कोई भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं जुडे। प्रशिक्षण शिविर का संचालन राजेश वोहरा ने किया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर राजेश शर्मा, विनय कुमार, स्वप्निल पाराशर, दीपक गुप्ता, राकेश कुमार, मनोज कौशिक मौजूद रहे।

## 12 वार्डों के 132 प्रतिनिधियों के लिए नामांकन दाखिल

जयपुर टाइम्स

**सीकर (निस)।** सीकर अरबन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, सीकर के संचालक मंडल निर्वाचन के प्रथम चरण में बैंक के 12 वार्डों के 132 प्रतिनिधियों के लिए निर्वाचन के लिए नामांकन दाखिल प्रक्रिया के अंतर्गत 125 आवेदन हुए। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 120 प्रतिनिधि के नामांकन वैद्य पाए गए। जबकि पांच आवेदन अस्वीकार किए गए है। निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद वार्ड नं. तीन में तीन,वार्ड नं.5 और 9 में एक-एक नामांकन निरस्त किए गए हैं। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि है। 9 वार्डों में प्रतिनिधियों का निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। शेष तीन वार्डों की स्थिति कल स्पष्ट होगी।

## शहीद के बेटे को मिली नियुक्ति तो खिले चेहरे

**अजीतगढ़(निस)।** जयपुर मंडल की ओर से 12 जुलाई को जयपुर में लगे प्रधानमंत्री रोजगार मेले में सीआरपीएफ की डीआईजी पूनम गुप्ता ने अजीतगढ़ क्षेत्र के त्रिलोकपुरा गांव की ढाणी साला वाली निवासी शहीद हवलदार महेंद्र सिंह सामोता के पुत्र युवराज समोता को सीआरपीएफ में कांस्टेबल की नियुक्ति का पत्र सौंपा।

# अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप की मानसरोवर धाम मंदिर में हुई बैठक, लिये महत्वपूर्ण निर्णय

## जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने मानसरोवर धाम मंदिर में जलाभिषेक कर सभी के लिए की मंगल कामना





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप परिवार द्वारा माच का तिराहा, गंगोडी मोड स्थित मानसरोवर धाम मंदिर में सोमवार को एक साधारण सभा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता अलवर जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वहीं जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने इस मौके पर मानसरोवर धाम मंदिर में जलाभिषेक कर सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य के लिए मंगल कामना की। इसके बाद वहां भण्डारे का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने बताया कि अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप परिवार द्वारा मानसरोवर धाम मंदिर में मीटिंग करने का मुख्य कारण सावन के महीने में पूरे राजस्थान में एक मात्र अद्भुतेश्वर पंचमुखी महादेव जी महाराज के शिवालय (पंचेश्वर महादेव) की मूर्ति पर जलाभिषेक करके महादेव जी महाराज के आशीर्वाद पश्चात साधारण सभा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेना था जिसमे मुख्य तौर पर मे बरशिप ग्रोथ, स्काउट एंड गाइड के 75 वें स्थापना दिवस अधिवेशन में भाग लेने तथा जिला कलेक्टर अलवर से जल्द से जल्द मिलकर अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप के ऑफिस हेतु कोई दूसरी जमीन लेने संबंधी निर्णय लिए गए क्योकि पूर्व में पृथ्वीपुरा गाँव की आवंटित विवादित जमीन पर अभी तक अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप को कब्जा नहीं मिला है जबकि सरकार को पूरा पैसा जमा करवा दिया गया था। मीटिंग से पूर्व जलाभिषेक का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे वृन्दावन से आये पंडितो द्वारा पूरे मंत्रोचारण द्वारा पूरे विधि-विधान से जलाभिषेक का कार्यक्रम स पन्न किया गया जलाभिषेक के पश्चात् भंडारे के आयोजन में सभी भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तगणों द्वारा भी विशेष पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। मंदिर का परिचय उन्होंने बताया कि साधक सेवा समिति द्वारा मानसरोवर धाम मंदिर की स्थापना वर्ष 2011 में पहाडियों की तल्हेटी में गंगोडी मोड, माच का तिराहा अलवर में हुई थी। ब्रह्मलीन संत शिवानन्द साधक महाराज के आशीर्वाद से उनके रहते इस विशाल मंदिर की स्थापना करवाई गयी थी, जहां अब उनके सुपुत्र संत शिवम् महाराज के पावन सान्निध्य में मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहता है आश्रम में देसी गायो की गौ शाला भी स्थित है पूरे राजस्थान में एक मात्र अद्भुतेश्वर पंचमुखी महादेव जी महाराज के शिवालय (पंचेश्वर महादेव) की मूर्ति को देखने भक्तगणों का रेला सा लगा रहता है । समिति अध्यक्ष डॉ.एस.सी.मित्तल ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 65 फीट ऊँची गुंबद के नीचे अद्भुतेश्वर पंचमुखी महादेव के सामने नंदी बाबा का मंदिर, बडे बरामदे में विष्णु जी, लक्ष्मी जी, शिवजी-पार्वती, पंचमुखी हनुमान जी, दुर्गा माता, पवनपुत्र हनुमान जी का मंदिर स्थित है। वहीं मध्य में ब्रह्मलीन संत शिवानन्द साधक महाराज की इच्छानुसार उनकी समाधि के ऊपर ही उनकी चरण पादुका एवं महाराज की प्रतिमा स्थापित है। हर सावन महोत्सव के अन्तर्गत ओम नम शिवाय के मंत्रौच्चारण से महारुद्राभिषेक कार्यक्रम, शिवरात्रि के अवसर पर शिव यात्रा एवं भंडारा, शरद पूर्णिमा का खीर भोग इत्यादि कई कार्यक्रम नियमित रूप से चलते रहते है जिसमे भक्तो की अपार भीड उमड़ती है।

## अन्याय के खिलाफ पहले भी आवाज उठाई ओर आज भी उठा रहा हूं ओर आगे भी आवाज उठाऊंगा- पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा

### सरिस्का ड्राफ्ट पर आहूजा ने दोनों मंत्रियों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने सोमवार को पत्रकारवार्ता कर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और वन राज्य मंत्री संजय शर्मा पर सरिस्का सीटीएच मामले में भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता में खुलकर दोनों मंत्रियों पर आरोप लगाए। पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा का कहना था कि सरिस्का क्षेत्र में होटल और माइंस को फायदा पहुंचाने के लिए सीटीएच के गलत ड्राफ्ट को सरकार ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि अलवर ही नहीं राजस्थान और देश में सरिस्का का नाम है। अलवर जिले से प्रतिनिधित्व कर रहे दोनों मंत्रियों को सरिस्का को विकसित करने के लिए प्लानिंग करनी चाहिए लेकिन आरोप लगाते हुए कहा कि ये भ्रष्टाचार में लिप्त होकर सरिस्का के साथ अन्याय कर रहे हैं। आहूजा का कहना था कि भाजपा राज में मंदिरों को तोडने की घटनाएं भी हो रही है। भाजपा के सिंबल पर तीन बार रामगढ़ से विधायक रहे आहूजा को गत दिनों पार्टी ने दलित विरोधी बयानबाजी करने के आरोप में निष्कासित कर दिया था। इस कार्रवाई के बाद से आहूजा के बोल और तीखे हो गए हैं। निष्कासन के बाद उन्होंने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत और अलवर जिले के कुछ जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाए थे। सिलीसेढ में बोरिंग करने के खिलाफ भी किसानों के साथ खड़े होकर मंत्री और सरकार के विरुद्ध बयानबाजी कर चुके हैं। अब पूर्व विधायक आहूजा ने खुलकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य मंत्री संजय शर्मा पर सीधे-सीधे भ्रष्टाचार करने का बड़ा आरोप लगा दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर वन्यजीव विशेषज्ञों में भी असंतोष की स्थिति बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 92 खदानें बंद की गई थीं। ये सभी खदानें सरिस्का सीटीएच से एक किलोमीटर के दायरे में थीं। इनका कहना है कि बाघों का गला क्यों काटा जा रहा है। उनका आरोप है कि सरिस्का टाइगर रिजर्व के नए सीटीएच के मसौदे में खदान संचालकों को पूरा लाभ दिया गया है। राज्य और केंद्र सरकार को बाघों और पर्यावरण की कोई चिंता नहीं है। बंद हो चुकी खदानों को फिर से शुरू करने के लिए बाघों का गला क्यों घोंटा जा रहा है? सरिस्का अलवर की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की पहचान है। सरिस्का को बचाने के लिए सरकार को अपना स्वार्थ त्यागना चाहिए। आहूजा ने कहा कि ईश्वर इसका परिणाम उन्हें दे रहा है। आहूजा ने चेतावनी देते हुए कहा कि कहा कि वे अन्याय के खिलाफ आज भी उठा रहे हैं ओर पहले भी आवाज उठाई है तथा आगे भी उठाते रहेंगे।



## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने संबंधित विभागों को गुरु गोलवलकर योजना अंतर्गत चयनित तिजारा ब्लॉक हेतु योजना तैयार कर कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान में विभागों द्वारा अभी तक किए गए वृक्षारोपण की जानकारी लेकर लक्ष्य अनुसार वृक्षारोपण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण सही स्थान पर किया जाए ताकि उसको समय-समय पानी एवं सुरक्षा मिलती रहे। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारों को शहर में सफाई व्यवस्था सुचारू रखने हेतु रविवार को भी सफाई कि उचित व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने लाडो योजना से संबंधित सभी विभागों को प्रगति में वृद्धि कर लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने डब्ल्यूआरडी को जिले में स्थित सभी बांधों का विवरण तैयार कर कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने एमपी परिवादों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर परिवादों के जवाब भिजवाने की निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को पीएम सूर्य घर योजना का प्रचार प्रसार कर प्रगति बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, पीएचईडी, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## पत्रकारिता में अब प्रिंट के साथ डिजिटल मीडिया भी प्रभावी होने लगा - वन मंत्री शर्मा

### डॉक्टर्स की किताब 'बियोंड द स्टेथोस्कोप' का का विमोचन एवं सम्मान समारोह



**अलवर(निसं.)।** डिजिटल युग में पत्रकारिता के क्षेत्र में डिजिटल मीडिया की भूमिका और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यह बात प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने रविवार को कटीघाटी स्थित आर. जी. बिल्खा होटल में आयोजित समारोह में कही। यह अवसर था मिशन सच नेटवर्क की ओर से आयोजित कार्यक्रम। इस कार्यक्रम में न सिर्फ वेबसाइट का लोकार्पण किया गया बल्कि चिकित्सकों के जीवन संघर्ष पर आधारित प्रेरणादायक पुस्तक 'बियोंड द स्टेथोस्कोप' का विमोचन और डॉक्टर्स का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल अलवर के डीन डॉ. असीम दास सहित शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवा देने वाले रमेश चंद जैन थे। मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मीडिया का दायित्व केवल सरकार की सराहना करना नहीं है, बल्कि कमियों को उजागर कर उन्हें सुधार की दिशा में ले जाना भी है। उन्होंने कोरोना काल में चिकित्सकों की निस्वार्थ सेवा को याद करते हुए उन्हें ईश्वर तुल्य बताया और पुस्तक की सराहना की। पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव ने कहा कि मिशन सच की यह पहल पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के संघर्ष और समर्पण को उजागर करती यह पुस्तक नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। डॉ. असीम दास ने कहा कि चिकित्सकों के लिए विनम्रता और पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों की। वरिष्ठ पत्रकार राजेश रवि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथियों का वरिष्ठ पत्रकार विजय यादव, प्रेम पाठक, प्रदीप पंचोली, साहिल जैन, सुनीत शर्मा और शोएब खान द्वारा गुलदस्ते भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद प्रदीप पंचोली ने किया।

### अमित सैनी आत्महत्या का मामला

## जिला सैनी समाज एवं समाज की विभिन्न संस्थाओं ने एडीएम शहर व एएसपी को सौंपा ज्ञापन





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला सैनी समाज एवं समाज की विभिन्न संस्थाओं ने सोमवार को अमित सैनी आत्महत्या मामले में जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अलवर को एफ.आई.आर. दर्ज करने तथा दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए ज्ञापन सौंपा। अलवर जिला सैनी युवा महासभा अध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी ने बताया कि अमित सैनी निवासी गणपति विहार तिजारा फाटक अलवर ने गत दिनों आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व अमित सैनी ने एक सुसाईड नोट लिखा जिसमें अमित सैनी ने अपनी मौत का जि मेदार छह लोगों को ठहराया। इसके बाद भी अमित आत्महत्या प्रकरण में पुलिस द्वारा कोई एफ.आई.आर. तक दर्ज नहीं की तथा ना ही दोषियों को गिरफ्तार किया। ऐसे में समाज में भारी रोष व्याप्त है। जिसके विरोध में सोमवार को सैनी समाज अलवर, सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं एवं अमित सैनी के परिवारजनों ने सामुहिक रूप से एडीएम शहर अलवर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलवर को ज्ञापन देकर इस प्रकरण में अतिशीघ्र एफ.आई.आर. दर्ज कर दोषियों की गिरफ्तार कर उनके खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग की। अध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी ने बताया कि ज्ञापन सौपने वालों में अलवर जिला सैनी युवा महासभा अध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी, ऑल इण्डिया सैनी समाज अध्यक्ष हुकमाराम सैनी, महात्मा मोहनदास सेवा समिति सचिव बाबूलाल सैनी, सेवानिवृत कर्मचारी संघ से रामपाल सैनी, ज्योतिबा फूले दर्शन संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट नरेश सैनी, पूर्व पार्षद रमन सैनी, झ मन लाल सैनी, पूरण भगत जी, अशोक सैनी, लवनीश सैनी, उमेश सैनी, महेन्द्र सैनी, बनवारी लाल सैनी, तेजपाल सैनी, सुनील सैनी, राजेन्द्र सैनी, पवन सैनी, लाकेश सैनी, अमित सैनी के परिवारजन एवं काफी संख्या में सैनी समाज के लोग शामिल रहे।

# जिला कलक्टर ने ली जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक

### जल जीवन मिशन की रैंकिंग में एक माह में हुआ 6 स्थानों का सुधार

### आगामी एक माह में जिले की रैंकिंग अग्रणी जिलों में रहे इसके लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर विगत एक माह में जिले की रैंकिंग में हुए 6 स्थानों के सुधार पर संतुष्टि जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि आगामी एक माह में जलदाय विभाग के अधिकारी सामंजस्य रखते हुए जिले को अग्रणी रैंकिंग वाले जिलों में शामिल करावे तथा सभी लंबित कार्य एक माह में प्रारम्भ करना सुनिश्चित करावे। साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण किया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत घरेलू जल कनेक्शन करने का 76 फीसदी कार्य पूर्ण करने पर विभागीय अधिकारियों की सराहना करते हुए निर्देश दिये कि ब्लॉकवार प्रतिदिन के लक्ष्य निर्धारित कर शेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने अलवर शहर में शहरी जल प्रदाय योजना के तहत स्वीकृत 69 में से 63 ट्यूबवेल चालू करने पर संतुष्टि जाहिर कर निर्देश दिये कि शेष रहे 6 ट्यूबवेलों को इसी माह में चालू करावे तथा नए स्वीकृत 25 ट्यूबवेल्स को सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर अधिकतम 2 माह में चालू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने विगत एक माह में अलवर शहर में काटे गए 862 अवैध कनेक्शनों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिये कि शेष रहे अवैध कनेक्शनों को भी काटने की कार्रवाई यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में पाइपलाइन लीकेज आदि का विशेष ध्यान रखे। लीकेज की सूचना मिलते ही तुरन्त उसे दुरूस्त कराना सुनिश्चित करावे। जिला कलक्टर ने शहरी जल योजना सुदृढीकरण कार्य के तहत रामगढ, लक्ष्मणगढ, गोविन्दगढ व खेडली कस्बे में स्वीकृत सुदृढीकरण योजना का कार्य इसी माह में प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। जल जीवन मिशन में अपेक्षाकृत कम प्रगति पाए जाने पर रामगढ, उमरैण एवं मालाखेडा ब्लॉक के सहायक अभियन्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता भवानी सिंह शेखावत, अधीक्षण अभियन्ता रमेश चन्द सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर दिनेश कुमार वर्मा, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, सीडीईओ महेश गुप्ता एवं समस्त अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता मौजूद रहे।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

### 1 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 4 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, शान्तिपथ बिड़ला मन्दिर, लालकोठी सब्जीमण्डी से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 1 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, शान्तिपथ बिड़ला मन्दिर, लालकोठी सब्जीमण्डी से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 1 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर, आवागमन के सभी रास्ते रहे बंद



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** क्षेत्र में बीती रात 3 बजे से जारी मूसलाधार बारिश का दौर सोमवार 1 बजे दिन तक जारी रहा।कस्बे के कई क्षेत्रों में जल भराव होने व घरों में पानी घुस जाने से लोग परेशान नजर आए।वहीं विंध्यवासिनी माताजी के मंदिर में भी पानी भरने से यहां निवास करने वाले रोगियों) को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।तेज बारिश के चलते कस्बे से बाहर निकलने के सभी रास्ते शाम तक बंद हो गए। पारसनाथ पुलिया,पुल की नदी,नालवा पुलिया और छाईबाई नदी की पुलिया पर तेज बहाव होने से कस्बे का बाहरी सम्पर्क टूट गया।वहीं केसरगंज में भी पलकी नदी का पानी घुसने से जल भराव हो गया।थड़ोदा गांव में भी घरों में बरसाती पानी घुसने की जानकारी सामने आई हैं।इधर,पारसनाथ तीर्थ क्षेत्र के पास रेवा नदी व तिलस्वां में ऐरू नदी समेत सभी नदियां और नाले उफान पर हैं। पुलिस-प्रशासन द्वारा लगातार दी जा रही सावधानी बरतने की चेतावनी के बावजूद लोग पानी के तेज बहाव को पार करने और वाहन निकालने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी के चलते हादसे घटित हो रहे हैं।ऐसा ही लापरवाही की घटना छाईबाई के बालाजी के पास नदी की पुलिया को पार करने के दौरान सामने आई जब दो युवक पानी के तेज बहाव में बह गए।सूचना पर थानाधिकारी लोकपाल सिंह राठौड़ मौके पर पहुंचे और पुलिसकर्मियों व सिविल डिफेंस की टीम द्वारा डेढ़ घण्टे की मशक्कत के बाद दोनों युवकों नीरज राजपूत निवासी बिजौलिया और कैलाश राजपूत निवासी खेराड़िया को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## नांवा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध खनन और गौवंश को टक्कर मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**नांवा सिटी(निसं.)** डीडवाना-कुचामन 7 नांवा थाना पुलिस ने अवैध खनन और गौवंश को टक्कर मारकर भागने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन वाहन जब्त किए हैं, जिनमें दो डम्पर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल हैं। घटना 13 जुलाई को ग्राम उलाणा में हुई, जब एक तेज रफ्तार डम्पर ने गौवंश को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने डम्पर को रोकने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान कुछ लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही थानाधिकारी नंदलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए भेजा। तलाशी के दौरान एक अन्य डम्पर अवैध परिवहन करते हुए मिला, जिसे बिना ई-रवन्ना और परमिट के पाए जाने पर जब्त किया गया। इसके बाद गौवंश को टक्कर मारकर भागा हुआ डम्पर भी बरामद कर लिया गया। साथ ही, अवैध मिट्टी ले जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी चेतराम (26), निवासी बनगढ़, थाना नांवा, को हिरासत में लिया गया है। उसके खिलाफ FIR संख्या 158/2025 (गौवंश को टक्कर) और 159/2025 (अवैध खनन) दर्ज की गई है। कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक नंदलाल सहित हैड कांस्टेबल नरेश कुमार, शिवभगवान और कांस्टेबल संदीप कुमार का विशेष योगदान रहा।



जयपुर में झारखंड महादेव मंदिर में सावन के पहले सोमवार के दिन श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव का जलाभिषेक किया

# सुमेरपुर में जोधपुर डिस्कॉम की बड़ी लापरवाही : जवाई बांध रोड पर बिना फाउंडेशन खड़े बिजली पोल

### हादसे को निमंत्रण दे रहे बिना प्लेटफॉर्म बिजली पोल, डिस्कॉम अधिकारी कर रहे अनदेखी

### सबसे व्यस्तम रोड पर लोहे के बिजली पोल दे रहे मौत को दावत

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निसं.)।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते शहर में कई विद्युत पोल बड़े हादसों का संकेत दे रहे है। इन पोलों की देखरेख के अभाव में विद्युत पोल हादसे को निमंत्रण दे रहे है। इन पोलों को लेकर तमाम शिकायतों के बावजूद भी संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हुए,बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को पोलो की जानकारी तक उपलब्ध नहीं है। शहर के सबसे बड़े वस्ततम एवं भीड़भाड़ वाला जवाई बांध रोड पर विद्युत पोल जगह-जगह बिना फाउंडेशन भरे खड़े लोहे के पोल आमजन के लिए मौत का सबब बने हुए हैं। जबकि शहर का सबसे व्यस्तम रोड हैं,और कार्यालय से मात्र चंद दूरी पर सड़क पर मौत दौड़ रही है। जहां लोहे के विद्युत पोल सड़क के ठीक पास खड़े है। यह पोल सिर्फ मिट्टी और तार के भरोसे खड़े हैं। बारिश के साथ तेज हवा चलने पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### बीना प्लेटफार्म के पोल हादसे का सकेत

प्राप्त जानकारी के अनुसार पोल सड़क के किनारे होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह पोल बीना प्लेटफार्म से खड़े हैं जहां तेज हवा और बारिश होने के कारण बड़ा नुकसान जनहानी का संकेत दे रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि कुछ दिन पहले विद्युत विभाग की ओर से सड़क किनारे दुकानों के आगे पोल खड़े किए हैं,इस लोहे के खंभों का प्लेटफॉर्म नहीं बनाया गया है,जिससे खतरा बना हुआ है। व्यापारियों ने बताया कि तेज बारिश और तेज हवा चलने पर पोल के साथ तार लहराते हैं, जिससे बहुत डर लगता है। यह जोधपुर डिस्कॉम की बहुत बड़ी लापरवाही और अनदेखी जानमाल को बड़ा नुकसान दे सकती हैं। जबकि कार्यालय से कुछ कदम दर यह लोहे के बड़े विद्युत पोल आमजन के लिए परेशानी नहीं बल्कि मौत को दावत दे रही है। आसपास के व्यापारियों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को पोल ठीक करने की शिकायत कर चुके है। शिकायत के बावजूद भी कई महीनों से संबंधित अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे। व्यापारियों ने विद्युत पोलो को अतिशीघ्र फाउंडेशन प्लेटफार्म बनाने की मांग की है। समय को देखते हुए विभाग ध्यान दे,वरना विद्युत पोल से कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है जिसको लेकर आसपास के लोगों में काफी आक्रोश भी है।

## राजफेड और NCEL में एमओयू, सहकारी उत्पादों को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय बाजार

### राज्य की सहकारी समितियों को निर्यात का मिलेगा अवसर, वैश्विक पहचान की ओर बड़ा कदम



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान की सहकारी समितियों के उत्पाद अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच सकेंगे। राज्य सरकार की 'सहकार से समृद्धि' पहल के तहत सोमवार को राजस्थान राज्य कय विक्रय सहकारी संघ लिमिटेड (राजफेड) और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) हुआ। यह एमओयू सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक के नेतृत्व और सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। राजफेड कार्यालय में हुए इस समझौते पर राजफेड के प्रबंध निदेशक टीकम चन्द बोहरा और एनसीईएल के प्रबंध निदेशक अनुपम कौशिक ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते से सहकारी समितियों से जुड़े लाखों सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय निर्यात के क्षेत्र में प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और उन्हें वैश्विक बाजार तक अपने उत्पाद पहुंचाने का अवसर प्राप्त होगा। सहकारिता क्षेत्र को सशक्त करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। इससे न केवल राज्य के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी, बल्कि सहकारी समितियों की आमदनी में भी वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर तीन बहु-राज्यीय सहकारी समितियों का गठन किया है और राज्य सरकार ने राजफेड को इन समितियों के लिए नोडल एजेंसी नामित किया है। इससे पूर्व राजफेड भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के साथ भी एमओयू कर चुका है। समारोह में राजफेड के महाप्रबंधक डॉ. अमित शर्मा, 'सहकार से समृद्धि' के कंसल्टेंट आर.एस. जोधा, एनसीडीसी प्रतिनिधि सुनील छापोला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमित शाह के प्रस्तावित दौरे को लेकर सहकारिता मंत्री गौतम दक ने की तैयारियों की समीक्षा, सभी अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** 17 जुलाई को जयपुर के दादिया ग्राम में आयोजित होने वाले सहकार एवं रोजगार उत्सव की तैयारियों को लेकर सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने सोमवार को अपेक्स बैंक सभागार में उच्चस्तरीय बैठक कर समीक्षा की। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति प्रस्तावित है। दक ने इस कार्यक्रम को सहकारिता की दृष्टि से ऐतिहासिक बताते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। दक ने कहा कि राज्य के हर जिले और सहकारी संस्था से प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगंतुकों की सूची, रूट चार्ट, चेक प्वाइंट्स एवं सम्पर्क विवरण पूर्व में तैयार रहें। साथ ही, आगंतुकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि कोई असुविधा न हो। मंत्री ने भोजन, पेयजल, छाछ, चाय, आवास व्यवस्था, पार्किंग और प्रदर्शनी के उच्च स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर हैल्प डेस्क और कंट्रोल रूम स्थापित करने को भी कहा, जिससे जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि कंट्रोल रूम की स्थापना हो चुकी है और 7 खण्डवार प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। दक ने निर्देश दिए कि प्रदर्शनी में राज्य की सहकारी संस्थाओं के प्रमुख उत्पादों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया जाए और राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित साहित्य का वितरण भी किया जाए। बैठक में अतिरिक्त रजिस्ट्रार शिल्पी पांडे, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक संजय पाठक, अतिरिक्त रजिस्ट्रार संदीप खण्डेलवाल सहित विभिन्न समितियों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमले में सक्रियता दिख रही है, ताकि केंद्रीय मंत्री का यह दौरा सफल और यादगार बन सके।

## कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने जन सुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं

### अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान सरकार आमजन की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह बात पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को सिविल लाइंस स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनसुनवाई में कही। कुमावत ने कहा कि जनसुनवाई व्यवस्था के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुना जा रहा है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जनसुनवाई के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, पेंशन, सड़क निर्माण, प्रशासनिक सेवाओं सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी समस्याएं रखीं। मंत्री ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान हेतु निर्देश दिए। कुछ मामलों में तुरंत कार्रवाई भी शुरू कर दी गई। कुमावत ने कहा कि हर सोमवार, मंगलवार और बुधवार को आयोजित होने वाली यह जनसुनवाई राज्य में संवेदनशील और जवाबदेह शासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें और लोगों को समाधान का भरोसा दें। इस अवसर पर सादुलशहर विधायक गुरवीर बरार भी मंत्री कुमावत से शिष्टाचार भेंट के लिए पहुंचे। उन्होंने अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की। कुमावत ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाके की आवश्यकताओं पर शीघ्र कार्यवाही की जाए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी और मंत्री द्वारा दिए गए त्वरित निर्देशों से आमजन में समाधान की उम्मीद जगी है। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मंत्री की इस पहल की सराहना की।

## सावन के पहले सोमवार पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गलता तीर्थ में किया विशेष पूजन, प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने सावन माह के पहले सोमवार को जयपुर स्थित प्राचीन गलता तीर्थ में त्रिगुण महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने विधिविधान से भगवान शिव का अभिषेक करते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, अमन-चैन और जनकल्याण की मंगल कामना की। गलता तीर्थ के श्याम डूंगरी स्थित त्रिगुण महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राठौड़ ने दूध, जल, पुष्प, बेल पत्र आदि से भोलेनाथ का अभिषेक किया। उन्होंने कल्पवृक्ष जोड़े का भी पूजन किया और श्रद्धा व भक्ति भाव से शिव आराधना की। इस अवसर पर संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति रही। पूजन उपरांत मीडिया से बातचीत में मदन राठौड़ ने कहा कि सावन माह शिव भक्ति का अत्यंत पावन काल है, जो न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा देता है, बल्कि जनमानस को सकारात्मकता से भी भरता है। उन्होंने आशा जताई कि भगवान शिव की कृपा से राजस्थान में सद्भाव, विकास और सामाजिक समरसता का माहौल और मजबूत होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं से पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण एवं सामाजिक एकता जैसे जनहित के मुद्दों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना ही शिव भक्ति की सच्ची सार्थकता है। पूरे गलता तीर्थ परिसर में सावन सोमवार के अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का अनुपम माहौल देखने को मिला। राठौड़ की उपस्थिति से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

## बरसात के चलते अस्थाई डंपिंग यार्ड बनाकर कचरे को किया जा रहा है एकत्रित बीमारी फैलने का दे रहा संदेश



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)** सब्जी मंडी बजरिया में नगर परिषद द्वारा अस्थाई डंपिंग यार्ड बनाया गया है। जिससे कचरे को एकत्रित करके सब्जी मंडी के पास मैदान में डाला जा रहा है। जिससे सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आने वाले लोगों को दुर्गंध बदबू का सामना करना पड़ रहा है एवं सब्जी मंडी में विक्रेताओं को भी बदबू दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है । वही नगर परिषद द्वारा विगत दिनों में भी नगर परिषद द्वारा यहां पर डंपिंग यार्ड बनाया गया था। फिर दोबारा यहां पर अस्थाई डंपिंग यार्ड बनाकर आसपास क्षेत्र के कचरे को डाला जा रहा है । जिंससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। साथी मुख्यालय क्षेत्र पर बरसात के चलते गंदगी से बीमारी फैलने का संदेश दे रही है।

### इनका कहना है कि

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा सब्जी मंडी के पास अस्थाई डंपिग यार्ड बनाए रखा है जल्द ही कचरा को दूसरी जगह पर निस्तारण किया जाएगा।

## पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण हो निस्तारणः जिला कलक्टर

### मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स




**सवाई माधोपुर(निसं.)।** सीएम जनसुनवाई, त्रिस्तरीय जनसुनवाई, विकास कार्यो, सम्पर्क पोर्टल, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा सहित मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने सीएम जनसुनवाई, त्रिस्तरीय जनसुनवाई, एमजेएमएस पोर्टल एवं सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों को प्राथमिकता से लेकर मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सात दिन के भीतर निस्तारण कर रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत करें। बैठक में उन्होंने विधायक कोष से स्वीकृत विकास कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश जिला परिषद, शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने "हरियालो राजस्थान" के अन्तर्गत लगाए गए पौधों की विभागवार जानकारी लेकर पौधारोपण पश्चात फोटोग्राफ्स हरियालो राजस्थान पोर्टल पर अपलोड करवाने के साथ-साथ पौधरोपण कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी प्रदान किए है। साथ ही उन्होंने शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से ब्लॉक स्तर पौधारोपण के लिए स्थानों का चयन कर विद्यार्थियों की सहभागिता से बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने और उन्हें सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणा की समीक्षा करते हुए भूमि आवंटन सहित अन्य लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने जिले को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए जिले में संचालित राजकीय लाईब्रेरियों की जानकारी प्राप्त कर वाईफाई युक्त डिजिटल लाईब्रेरी का निर्माण करवाने की बात कहीं। उन्होंने विद्युत विभाग को आईसीडीएस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता ने कलक्टर को जीएसएस के लिए भूमि आवंटिन के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी से मेडिकल संस्थाओं एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के भूमि आवंटन प्रकरणों की जांच कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनवाने में आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए सुगमता से यूडीआईडी बनवाने के निर्देश विकास अधिकारी एवं सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को दिए।

# जरूरी सवालों की अनदेखी करती रिपोर्ट

प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में चालक दल की आपसी बातचीत को लेकर रहस्य बुनने की मंशा भी बहुत चौंकाने वाली है। यह असंभव सी बात है कि ऐसी आपात स्थिति के दौरान काकपिट में कोई हलचल न हुई हो। ऐसी परिस्थितियों में वहां इतनी शांति कैसे हो सकती है। जाहिर है कि कुछ पहलुओं को जानबूझकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस तरह रिपोर्ट लिखी गई है उसका भाव यही संकेत करता है कि यह कुछ और नहीं, बल्कि विमान दुर्घटना के लिए पायलटों को दोषी ठहराने का गुप्त प्रयास है। इसके अलावा यह भी समझ से परे है कि जब जांच के किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने में अभी और तीन माह से लेकर एक साल तक का समय लग सकता है तो फिर बोइंग एवं इंजन बनाने वाली कंपनी जीई को क्यों संदेह के दायरे से दूर रखा जा रहा है?








अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त एअर इंडिया के विमान की आरंभिक जांच रिपोर्ट जवाब से कहीं अधिक सवाल उठाने वाली है। अहमदाबाद से लंदन के लिए जा रही उड़ान संख्या एआइ 171 की दुर्घटना से जुड़ी यह रिपोर्ट पहली नजर में ही पूर्वाग्रह से ग्रस्त दिखती है। इसमें किसी न किसी तरह पूरा दोष उन पायलटों पर मढ़ने का प्रयास है, जो इस हादसे में मारे गए। तथ्यात्मक रूप से रिपोर्ट यही बताती है कि टेक ऑफ यानी उड़ान भरते समय इंजन बंद हो गए थे।

ऐसी स्थिति में रैट-रैम एयर टरबाइन स्वाभाविक रूप से सक्रिय हो जाता है। रैट असल में एक आपातकालीन उपकरण है, जो विमान के दोनों इंजनों के बंद होने की स्थिति में आवश्यक ऊर्जा प्रदान करता है। इसमें विमान की गति से चलने वाली हवा के उपयोग से ही ऊर्जा उत्पन्न होती है। रैट फ्यूल स्विच/वाल्व को कट ऑफ करने की स्थिति में सक्रिय नहीं होता। वैसे भी पायलट इतने मूर्ख नहीं होते कि दोनों इंजनों के फेल हो जाने की स्थिति में फ्यूल को कट ऑफ कर दें। फ्यूल कट ऑफ का तर्क तभी गले उतरता है, जब अंतिम उपाय के रूप में अपनी जान बचाने के लिए पायलट इंजनों को दोबारा चालू करने का प्रयास करते हैं।

प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में चालक दल की आपसी बातचीत को लेकर रहस्य बुनने की मंशा भी बहुत चौंकाने वाली है। यह असंभव सी बात है कि ऐसी आपात स्थिति के दौरान काकपिट में कोई हलचल न हुई हो। ऐसी परिस्थितियों में वहां इतनी शांति कैसे हो सकती है। जाहिर है कि कुछ पहलुओं को जानबूझकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस तरह रिपोर्ट लिखी गई है उसका भाव यही संकेत करता है कि यह कुछ और नहीं, बल्कि विमान दुर्घटना के लिए पायलटों को दोषी ठहराने का गुप्त प्रयास है।

इसके अलावा यह भी समझ से परे है कि जब जांच के किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने में अभी और तीन माह से लेकर एक साल तक का समय लग सकता है तो फिर बोइंग एवं इंजन बनाने वाली कंपनी जीई को क्यों संदेह के दायरे से दूर रखा जा रहा है? फिर इस जांच रिपोर्ट को रात करीब दो बजे जारी करने का क्या तुक, जब इस दुर्घटना से सर्वाधिक प्रभावित भारत और ब्रिटेन जैसे देशों में कामकाज करीब-करीब बंद हो जाता है।

पायलट, सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम और उससे जुड़े पेशेवरों के अलावा आडिटर और जांचकर्ताओं के लिए किसी उड़ान के दो सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव टेक ऑफ और लैंडिंग होते हैं। इस दौरान पूरा ध्यान विमान को करीब 2000 फीट तक मैनुअली उड़ाने पर होता है, जिसके लिए हाथ से ही सभी उपकरणों को चलाना पड़ता है। उसके बाद ही विमान आटो-पायलट की अवस्था में आ सकता है। थ्रस्ट सेटिंग भी मैनुअल होती है और इस कवायद में पूरा फोकस विमान से जुड़ी अहम नियंत्रक प्रणालियों पर होता है।

चूंकि यह रिपोर्ट एक व्यापक परिचालन वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से जुड़ी है तो पूरी दुनिया के लिए उसके गहरे निहितार्थ हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि फ्यूल वाल्व-स्विच कट ऑफ यानी निष्क्रिय कर दिए गए थे। इसके दूर-दूर तक कोई आसार नहीं दिखते कि कोई भी पायलट विशेष रूप से टेक ऑफ के दौरान और जब उसे सबसे अधिक थ्रस्ट की जरूरत होगी, तब वह फ्यूल स्विच से कोई छेड़छाड़ करेगा। इस दौरान अमूमन काकपिट के फ्रंट पैनल में लगे लैंडिंग गीयर उठाने या फ्लैप्स उठाने पर जोर रहता है। ऐसे में अगर फ्यूल वाल्व-स्विच को कट ऑफ स्थिति में ले जाने के लिए वापस मोड़ने की वजह बताई जाए तो यह गहन जांच का विषय है। फ्यूल वाल्व/स्विच पर संकेतक होता है कि इसमें विसंगति हो सकती है। अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन-एफएए ने यह माना भी है। एफएए ने 2018 में वायु परिवहन के मोर्चे पर एक चेताने वाले बुलेटिन में कहा था कि कुछ ऐसे मामले में सामने आए हैं, जिनमें फ्यूल स्विच अपने आप ही कट ऑफ स्थिति में चला गया। इनमें जापान और यूरोपीय विमानन सेवाओं से जुड़े मामलों का संदर्भ भी था। मेरे विचार में अगर स्विच में कोई खराबी थी तो यही दुर्घटना का सबसे संभावित कारण हो सकता है। ऐसे में एनटीएसबी, एफएए, ईएएसए के अलावा एएआइबी जैसी एजेंसियों को यह जांचने-परखने की जरूरत है कि फ्यूल स्विच क्यों कट ऑफ अवस्था में चले गए, क्योंकि कोई पायलट ऐसी मूर्खता नहीं करेगा कि उड़ान के जिस पड़ाव पर उसे सबसे अधिक ऊर्जा की जरूरत हो तो वह उसके स्रोत को ही बंद कर दे। उचित होगा कि हम समग्र एवं व्यापक जांच रिपोर्ट के सामने आने की प्रतीक्षा करें। एआइ 171 उड़ान हादसे से जुड़ी आरंभिक रिपोर्ट पर गौर करें तो यदि फ्यूल कट ऑफ स्विच अपने आप ही हरकत में आ गए तो यह उन तमाम विमानन कंपनियों के लिए सतर्कता बढ़ाने का समय है, जो ड्रीमलाइनर 787 विमानों से परिचालन कर रही हैं। उन्हें फ्यूल स्विच प्रणालियों की सघन समीक्षा और व्यापक जांच-पड़ताल करनी होगी। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर व्यापक डिजिटल एवं साफ्टवेयर प्रणाली पर संचालित विमान है, जिसे निरंतर रूप से सिस्टम अपडेट एवं सिक्योरिटी पैच की भी आवश्यकता होती है।


सम्पादकीय

## अहमदाबाद विमान हादसे के पीछे असल वजह क्या थी?



गुजरात के अहमदाबाद में बीते जून माह में हुए विमान हादसे की प्रारंभिक जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रपट में कहा गया है कि दुर्घटना से ठीक पहले विमान के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे, जिससे पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। भ्रम इस बात का कि स्विच किसने बंद किए। यह तकनीकी खराबी के कारण हुआ या किसी की गलती से, रपट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। यानी हादसे के एक कारण का तो पता चल गया, लेकिन इस कारण के पीछे असल वजह क्या थी, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर बाकी सभी की इस हादसे में मौत हो गई थी। इस दुर्घटना के बाद कई सवाल खड़े हुए हैं, जिनका जवाब इसलिए भी तलाशना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी किसी बड़ी त्रासदी को रोकने के पुख्ता बंदोबस्त किए जा सकें। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) की रपट के अनुसार, एअर इंडिया के इस विमान के उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद इसके दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच (जिनका उपयोग इंजनों को बंद करने के लिए किया जाता है) अचानक बंद हो गए थे। इसकी पुष्टि घटना के वक्त 'काकपिट वायस रेकार्डिंग' में पायलट और सह-पायलट की आपसी बातचीत से हुई है। जांच रपट में कहा गया है कि बातचीत के दौरान एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि ईंधन की आपूर्ति क्यों बंद की गई, तो जवाब मिला कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। इससे साफ है कि हादसे से पहले विमान के दोनों इंजन ने काम करना बंद कर दिया था। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच एक साथ बंद कैसे हो गए। नियमानुसार उड़ान से पहले विमान की तकनीकी जांच की जाती है और सभी मानकों पर संतोषजनक रपट के बाद ही उड़ान की अनुमति दी जाती है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वभाविक है कि अगर एअर इंडिया के इस विमान में कोई तकनीकी खराबी थी, तो वह उड़ान से पहले की जांच के दौरान पकड़ में क्यों नहीं आई? हादसे की आगे की जांच में इन आशंकाओं से जुड़े सवालों को भी शामिल करने की जरूरत है। जांच रपट का दूसरा पहलू यह है कि कहीं अनजाने में पायलट की गलती से ईंधन नियंत्रण स्विच बंद तो नहीं हुए थे! हालांकि, रपट में विमान के पायलटों की गलती की ओर स्पष्ट रूप से कोई संकेत नहीं किया गया है। वहीं, विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि पायलटों द्वारा ईंधन स्विच को अनजाने में चालू या बंद करने की संभावना बहुत कम होती है, क्योंकि स्विच में एक छोटा 'मैकेनिकल गेट' लगा होता है। रपट में कहा गया है कि दोनों पायलटों ने इंजनों को फिर से चालू करने की कोशिश की, लेकिन एक इंजन ही ठीक हो पाया, जबकि दूसरा गति बढ़ाने के लिए पर्याप्त ऊर्जा उत्पन्न नहीं कर पाया। यानी पायलटों ने उस नाजुक घड़ी में हार नहीं मानी थी और उन्होंने वह हर कोशिश की जो संभव थी। इसके अलावा विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने इस हादसे के पीछे किसी साजिश की आशंका को भी अभी तक दरकिनार नहीं किया है।

## आर्थिकी के लिए चुनौती बने बैंकिंग फ्रॉड



आरबीआइ द्वारा हाल में जारी किए बैंकिंग धोखाधड़ी के आंकड़े चिंतित करते हैं। इसके अनुसार देश में बैंकिंग धोखाधड़ी का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में धोखाधड़ी की रकम 12,230 करोड़ रुपये थी, जो 2024-25 में करीब तीन गुना बढ़कर 36,014 करोड़ रुपये हो गई। इसमें सरकारी बैंकों में हुई धोखाधड़ी की राशि 25,667 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के बैंकों में हुई धोखाधड़ी की राशि 10,088 करोड़ रुपये थी। आरबीआइ के अनुसार इस वृद्धि का एक बड़ा कारण 2023 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए 122 पुराने मामलों को जोड़ना है। हालांकि इससे बैंकों से गायब हुए 36,014 करोड़ रुपये की समस्या कम नहीं हो जाती। बैंकिंग धोखाधड़ी का प्रभाव वित्तीय नुकसान तक सीमित नहीं होता है। ये बैंकों में जनता के विश्वास को भी कम करते हैं। वर्ष 2016 में नए नोटों को प्रिंट करने के साथ आरबीआइ ने दावा किया था कि इनमें जो सुरक्षा के उपाय किए गए हैं, उनकी नकल करना काफी मुश्किल है, फिर भी यह नहीं रुक पा रहा है। 2024-25 में बैंकिंग सेक्टर में पकड़े गए नकली नोटों की संख्या में 200 और 500 रुपये की श्रेणी में क्रमशः 14 प्रतिशत और 37 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह नहीं कहा जा सकता कि सरकार और रिजर्व बैंक इसे रोकने के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं, लेकिन जैसे-जैसे नोटों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए-नए उपाय किए जा रहे हैं, वैसे-वैसे ठग उनकी नकल करने की तकनीक भी विकसित करते जा रहे हैं, जिससे आम आदमी के लिए नकली और असली नोटों के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पाया है कि इन नकली नोटों को भारत भेजने के लिए नेपाल और पाकिस्तान के मार्ग का उपयोग किया जा रहा है। ये नकली नोट पाकिस्तान में छापे जाते हैं। बाजार में नकली करेंसी आने से मौजूद धन की मात्रा में वृद्धि हो जाती है, जो बाजार में मुद्रास्फीति को बढ़ाती है और माल एवं सेवाओं की भारी मांग उत्पन्न करती है। इसके अतिरिक्त ऐसे नकली नोटों का उपयोग आतंकवादियों द्वारा भारत के खिलाफ किया जा रहा है। जाली नोट किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए घातक होते हैं। इससे पार पाना आरबीआइ और सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है। आरबीआइ के अनुसार निजी क्षेत्र के बैंकों में दर्ज फ्रॉड की संख्या में डेबिट-क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित धोखाधड़ी का सबसे बड़ा हिस्सा है। वहीं सरकारी बैंकों में धोखाधड़ी मुख्य रूप से लोन सेगमेंट में है, जिसमें कई स्तरों पर मिलीभगत शामिल होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोन से संबंधित धोखाधड़ी संख्या के हिसाब से 33 प्रतिशत से अधिक मामलों और वैल्यू के हिसाब से 92 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए जिम्मेदार है। बड़ी बात यह है कि रिपोर्ट किए गए मामले एक लाख रुपये और उससे अधिक की धोखाधड़ी के लिए हैं। यानी इससे कम राशि के बैंक फ्रॉड को इसमें नहीं लिया गया है। भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) की लोकप्रियता के कारण छोटे-छोटे आनलाइन लेनदेन बहुत होते हैं, जो अब ठगों के लिए बड़ा मौका बन रहे हैं। यूपीआइ आज देश में तीन लाख करोड़ डालर से अधिक का सालाना कारोबार संभाल रहा है। बैंकों से चोरी का सबसे पुराना और आम तरीका फर्जी दस्तावेजों या रिश्वत के जरिये लोन लेना है, जो आज भी बदस्तूर जारी है।

अब आम ग्राहकों के लिए भी खतरा बढ़ रहा है, क्योंकि 50 प्रतिशत से अधिक फ्रॉड डिजिटल या कार्ड आधारित लेनदेन में हो रहे हैं। आज के समय में फिशिंग अटैक से लेकर सिम कार्ड क्लोनिंग जैसे हाईटेक तरीकों तक, ठग हर तरह की चाल चल रहे हैं। फिशिंग अटैक एक प्रकार का साइबर हमला है जिसमें हैकर्स लोगों को धोखा देकर उनकी निजी जानकारी जैसे कि क्रेडिट कार्ड नंबर, बैंक खाते की जानकारी या पासवर्ड चुराने की कोशिश करते हैं। इन सभी समस्याओं से निपटने के लिए हाल में आरबीआइ ने 'म्यूलहंटर' नामक एक एआइ टूल पेश किया है, जो संदिग्ध लेनदेन को पकड़ने की कोशिश करता है। इसके अलावा डिजिटल पेमेंट के लिए एक इंटेलिजेंस प्लेटफार्म का प्रोटोटाइप भी बनाया जा रहा है। भारत के मनी लांड्रिंग कानून बैंकों को तुरंत एक्शन लेने में सक्षम नहीं बना पा रहे हैं। इसमें भी सुधार करने की आवश्यकता है। डेलायट रिसर्च एजेंसी के अनुसार देश में 2026 तक 100 करोड़ लोग स्मार्टफोन का उपयोग करेंगे।


## शिव प्रकाश-पुंज स्वरूप हैं



सुनील कुमार महला

फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

सनातन भारतीय संस्कृति में सावन का महीना व्रत और पूजा का महीना है। हिंदू पंचांग के अनुसार, सावन माह का आरंभ 11 जुलाई 2025 को हो चुका है और समापन पूर्णिमा तिथि यानी 9 अगस्त 2025 को होगा। ऐसे में इस बार सावन में 30 नहीं, बल्कि 29 दिन के होंगे। शिवपुराण और अन्य भारतीय धार्मिक ग्रंथों में सावन और भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन मिलता है। कहा जाता है कि शिवजी बहुत जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता हैं, वे भोले हैं।इतने भोले हैं कि उन्हें सच्चे मन से अगर कोई एक बेलपत्र और जल भी अर्पित करे, तो वे प्रसन्न हो जाते हैं।सावन के इस महीने में भगवान शिव शंकर की विशेष पूजा-अर्चना होती है। शिव एक अद्भुत शक्ति के प्रतीक हैं, वे तपस्वी हैं, विध्वंस के देवता हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो शिव को विनाश और परिवर्तन का देवता माना जाता है, लेकिन उनका विनाश भी रचनात्मक होता है, क्योंकि वे अज्ञान और माया को नष्ट करके ज्ञान और प्रकाश लाते हैं।वे योग और ध्यान के देवता हैं। इसीलिए उनको 'आदियोगी' कहा गया है। शिव का अर्थ 'मंगलकारी' है, और वे शुभ, दयालु, और परोपकारी हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि शिव वह चेतना हैं, जहाँ से सब कुछ आरम्भ होता है, जहाँ सबका पोषण होता है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। मनुष्य मन, शरीर और सब कुछ केवल शिव तत्व से ही बना हुआ है, इसीलिए शिव को 'विश्वरूप' कहते हैं, जिसका अर्थ है कि सारी सृष्टि उन्हीं का रूप है। शिव का कोई आदि और अंत नही है। बड़े ही सुंदर शब्दों में कहा गया है कि-'नमामि शमीशाननिर्वाण रूपम विभुं व्यापकं ब्रह्म वेद स्वरूपं।निजम निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं चिदाकाशमाकाशवासं भजेहं।।' इसका तात्पर्य यह है कि यह परमात्मा हैं, यह सर्वशक्तिमान हैं, यह सर्वत्र विद्यमान हैं। ऐसा कोई स्थान नहीं है जहाँ शिव न हों। यह वह आकाश हैं; वह चेतना हैं, जहाँ सारा ज्ञान विद्यमान है। वे अजन्मे हैं और निर्गुण हैं। वे समाधि की वह अवस्था हैं जहाँ कुछ भी नहीं है, केवल भीतरी चेतना का खाली आकाश है। वही शिव हैं।हिंदू धर्म में उन्हें शंकर, शंभु,महेश, रूद्र, भोलेनाथ, कैलाशपति, त्रिकालदर्शी आदि अन्य नामों से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म में यह मान्यता है कि भगवान शिव 'देवों में देव महादेव' हैं जो पूर्ण परमात्मा हैं। कुछ लोग शिव को भगवान महाशिव,महाकाल,सदाशिव, साम्ब सदाशिव,बाबा विश्वनाथ तथा पशुपतिनाथ के रूप में भी पूजते हैं। शिव कहते हैं, मृत्यु भी मैं हूं, महाविनाश का सूत्र भी मैं ही हूं।सावन के महीने में शिवलिंग पर जल अर्पित करना सबसे सरल और पवित्र कृत्य माना जाता है। यह क्रिया हमारे भीतर के क्रोध, तनाव और अस्थिरता को शांत करती है। शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से हमारा मन शांत और स्वभाव विनम्र होता है। शिवलिंग पर दूध अर्पित करने से स्वास्थ्य का वरदान मिलता है।दही शिवलिंग पर चढ़ाने से हमारे स्वभाव में गंभीरता और स्थिरता आती है। यह मन को चंचलता से बचाता है और सोचने-समझने की शक्ति को बढ़ाता है।शिवलिंग पर शक्कर चढ़ाने से घर में सुख-शांति और आर्थिक उन्नति आती है। यह जीवन में मीठे रिश्तों और खुशियों का संचार करता है।शहद को अर्पित करने से वाणी में मधुरता और सौम्यता आती है। घी, जो ऊर्जा और तेज का प्रतीक है, शिव को चढ़ाने से हमारे भीतर शक्ति, आत्मविश्वास और सहनशक्ति की वृद्धि होती है। शिवलिंग पर इत्र अर्पित करने से पवित्रता सकारात्मकता, चंदन अर्पित करने से सम्मान, प्रतिष्ठा और सामाजिक स्तर में वृद्धि होती है।महादेव को भांग अति प्रिय है। इसे अर्पित करने का तात्पर्य है अपने अंदर मौजूद विकारों, बुराइयों और बंधनों का विसर्जन। यह आत्मिक शुद्धि और संयम का प्रतीक है।केसर शिव को चढ़ाने से हमारे स्वभाव में सौम्यता, कोमलता और धैर्य आता है। यह आत्मिक संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक उन्नयन का मार्ग प्रशस्त करता है।शिव का पंचाक्षर मंत्र '? नमः शिवाय' है। ज्योतिषाचार्यों का यह मानना है कि सावन के महीने में महामृत्युंजय मंत्र- '? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्, उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात' का जाप करना चाहिए। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि भगवान शिव और शंकर में अंतर है। शिव पुराण के अनुसार, महादेव जब अस्तित्व में आए थे, तो वो साकार रूप में नहीं आए थे, बल्कि सबसे पहले प्रकाश पुंज की उत्पत्ति हुई थी। जानकारी मिलती है कि इसी प्रकाश पुंज द्वारा ब्रह्मा जी और विष्णु जी की भी उत्पत्ति हुई थी। कहते हैं कि उस प्रकाश पुंज का कोई और अथवा छोर नहीं था। कथा के अनुसार, ब्रह्मा जी ने अंततः उस प्रकाश पुंज से पूछा कि 'आप कौन हैं', तो उस पुंज ने जवाब दिया कि 'मैं शिव हूं।' जवाब सुनकर ब्रह्मा जी ने प्रकाश पुंज से साकार रूप में दिखने की इच्छा जताई। कहते हैं कि इसके बाद ही 'प्रकाश पुंज' ने साकार रूप में दर्शन दिए और भगवान शिव के इस साकार रूप को ही भगवान शंकर कहा जाता है। भगवान शिव और शंकर एक ही शक्ति के अंश हैं, परंतु एक निराकार रूप है और दूसरा साकार रूप। वास्तव में,शिव केवल एक हिंदू देवता नहीं हैं, बल्कि एक अवस्था, एक अनुभव, एक आंतरिक ऊर्जा है। दूसरे शब्दों में कहें तो शिव वह अवस्था है, जहां व्यक्ति अपने भीतर की अनंत ऊर्जा को पाता है और आनंदित होता है। दूसरे शब्दों में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि शिव को एक देवता के रूप में न देखकर, एक ऐसी अवस्था के रूप में देखा जाता है जो हर इंसान के भीतर मौजूद है। शिव 'अर्धनारीश्वर' के रूप में आधा पुरुष और आधा महिला है। यह प्रतीक इस विचार को दर्शाता है कि पुरुष और महिला दोनों में ही शिव का वास है। वास्तव में, शब्द 'शिव' का सही अर्थ है, 'वह जो नहीं है।' शिव, ब्रह्म लोक में परमधाम के निवासी हैं और शंकर सूक्ष्म लोक में रहने वाले हैं। साकार रूप में वे अनंत ज्ञान के प्रतीक और अद्वितीय हैं,योगी हैं।वहीं शिव, प्रकाश पुंज स्वरूप हैं, जिनकी हम शिवलिंग के रूप में पूजा करते हैं। भगवान शंकर भी निराकार शिव की पूजा शिवलिंग के रूप में करते हैं क्योंकि शिव सबके स्रोत हैं। शंकर की प्रकृति है, शरीर है, स्वभाव है, परिवार है, विकार है जबकि शिव निर्विकार, निर्लिप्त, अनादि-अनंत ज्योति है। इस प्रकार शिव और शंकर एक होकर भी अलग-अलग हैं। निराकार रूप में भगवान् शिव की महिमा, ऊर्जा और शक्ति भगवान् शंकर से कहीं अधिक प्रभावशाली है और इस कारण सम्पूर्ण जगत के साथ-साथ त्रिदेव् और समस्त देव भी उनकी आराधना करते हैं। जीवन के तीन पहलू हैं- उत्पत्ति, स्थिति और विनाश। मतलब यह है कि जो बना है,वह एक न एक दिन मिटेगा भी,उसका विनाश भी होना तय है। बनना और मिटना, सृजन और संहार, एक ही प्रक्रिया के अंग हैं। शिव को अराजकता और सृजन दोनों का प्रतीक माना जाता है। वे विनाश के देवता हैं, लेकिन विनाश के बाद ही सृजन होता है, और वे इस प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं।हर मनुष्य को यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि समस्त सृजन विनाश को पैदा करता है, और समस्त विनाश नए सृजन को जन्म देता है। इसलिए कृष्ण अर्जुन से यह कहते हैं कि-' विनाश से तुम परेशान और पीड़ित मत हो। मृत्यु भी तुमको भयभीत न करे। तुम मृत्यु में भी मुझे देख सकते हो, क्योंकि विनाश की अंतिम शक्ति भी मैं ही हूं।' संक्षेप में, कृष्ण अर्जुन को कर्मयोग, निष्काम कर्म और आत्मा की अमरता का उपदेश देते हैं, जिससे अर्जुन युद्ध के दौरान होने वाले विनाश से पीड़ित न हों। वास्तव में, मृत्यु जीवन का ही एक अंग है, हिस्सा है।सच तो यह है कि मृत्यु को समझे बिना जीवन को समझा ही नहीं जा सकता। वे जीवन के दो छोर हैं एक तरफ से आना, दूसरी तरफ से जाना। संक्षेप में, यही कहूंगा कि शिव जीवन और मृत्यु दोनों के प्रतीक हैं, लेकिन वे मृत्यु से परे, शाश्वत और अमर हैं।



## वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर भावुक हुए ऋतिक रोशन

फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी हो गई है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन एक बार फिर कबीर के रूप में वापसी कर रहे हैं। उनके अलावा फिल्म में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और अभिनेत्री कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर ऋतिक रोशन भावुक महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। ऋतिक रोशन ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट से आज मंगलवार को एक पोस्ट शेयर किया है। शूटिंग पूरी होने पर टीम ने केक काटा है। इसके साथ ऋतिक रोशन ने लिखा है, फिल्म वॉर 2 के लिए कैमरा बंद होने के बाद मिली-जुली भावनाएं महसूस हो रही हैं। 149 दिनों तक लगातार रोलिंग, एक्शन, डांस, ब्लड, पसीना, चोटें... और इस सबकी कीमत वसूल हुई है!

### जूनियर एनटीआर और कियारा को कहा शुक्रिया

ऋतिक ने पोस्ट में जूनियर एनटीआर को टैग करते हुए लिखा है, सर, आपके साथ काम करना और साथ मिलकर कुछ विशेष बनाना मेरे लिए सम्मान की बात है। वहीं कियारा आडवाणी को टैग करके लिखा है, मैं बहुत उत्साहित हूं कि दुनिया आपके घातक पक्ष को देखे, आपके साथ स्क्रीन साझा करना शानदार अनुभव रहा।

### अगस्त में रिलीज होगी फिल्म

ऋतिक रोशन ने आगे लिखा है, मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि आप सभी आदि और अयान के कमाल के सिनेमाई विजन को देखें। वॉर 2 के सभी कलाकारों और क्रू को, अपनी प्रतिभा को साझा करने और हर एक दिन अपना बेस्ट देने के लिए तहेदिल से शुक्रिया। आखिर में, कबीर के शूटिंग का खत्म होना कहना हमेशा कड़वा-मीठा अनुभव होता है। मुझे फिर से खुद जैसा महसूस करने में कुछ दिन लगेंगे। अब 14 अगस्त, 2025 को आप सभी के सामने अपनी फिल्म पेश करने की यात्रा पर निकल पड़े हैं।

### स्पाई थ्रिलर फिल्म है वॉर 2

यह फिल्म साल 2019 में आई ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर का ही सीक्वल है। अयान मुखर्जी ने सीक्वल का निर्देशन किया है। इसे यशराज फिल्म्स के बैनर तले आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह स्पाई थ्रिलर फिल्म है। तेलुगु में वॉर 2 के डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स पर नागा वामसी ने हासिल किए हैं।



## बिना काम के 1 साल घर बैठी रहीं, इंडस्ट्री में एक्टर्स मदद नहीं करते...

एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर बरखा सिंह ने डिजिटल और फिल्म इंडस्ट्री में अपनी लगातार पहुंच के साथ बड़ा नाम बनाया है। वह फेमस वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस 4 में पंकज त्रिपाठी के साथ लोगों का दिल जीत रही हैं। हालांकि, इंडस्ट्री के कई एक्टर्स की तरह, बरखा भी परेशान करने वाले अनुभवों का शिकार हुई हैं, जिनमें से एक कास्टिंग काउच से जुड़ा था, जो चौंकाने वाला था। इसके साथ ही, एक्ट्रेस ने नवभारत टाइम्स ऑनलाइन के साथ अपने करियर की जर्नी भी शेयर की है। बरखा सिंह ने एक घटना के बारे में बताया जिसमें एक दिन उनके इनबॉक्स में एक ईमेल आया था। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें कभी भी व्यक्तिगत रूप से ऐसे ऑफर्स का सामना नहीं करना पड़ा, फिर आगे कहा कि उन्हें एक बार एक साउथ फिल्म में रोल ऑफर करने के लिए एक ईमेल मिला था, जिसमें 'समझौता' करने की मांग की गई थी, लेकिन किसी का नाम नहीं बताया गया था।

### बरखा सिंह के साथ कास्टिंग काउच

बरखा ने कहा, किसी ने इसे मेरे ईमेल में डाल दिया। मुझे लगता है कि यह साउथ फिल्म इंडस्ट्री के लिए था, और मेरे पास सबूत है, जहां उसने कहा था, इतने सारे शूटिंग के दिनों की जरूरत है और जरूरी चीजें कम से कम 36 होनी चाहिए, समझौता करना जरूरी है। आप इसे लिखित में दे रहे हैं, इसका मतलब है कि आप इससे बहुत सहमत हैं। नाम नहीं डाला कि किसके साथ समझौता किया जाएगा।

### घर में एक्टिंग से कोई नाता नहीं

इसी के साथ बरखा ने करियर के बारे में बात करते हुए बताया कि उनके घर में एक्टिंग से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। कोई भी इस बैकग्राउंड से नहीं आता है। इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि इंडस्ट्री में भले आपके दोस्त हों लेकिन वो आगे बढ़ने में कुछ खास मदद नहीं करते।

### इंडस्ट्री में लोग नहीं करते मदद

उन्होंने कहा, गजराव राव से मैंने पूछा तो उन्होंने बताया था कि कहां जाकर ऑडिशन देना है लेकिन फैक्ट ये है कि एक्टर्स आपकी मदद नहीं करते हैं। ऑप कॉम्पटिशन में नहीं भी हो तो वो आपको आगे बढ़ने में मदद नहीं करते हैं। कुछ कुछ कर भी देते हैं लेकिन ज्यादा लोग हवा में बोलते हैं बस, मदद नहीं करते। एक साल घर बैठकर मैं इतजार करती रही। फिर धीरे-धीरे चीजें समझ आई।

### बरखा सिंह के व्लॉग्स

अभिनय के अलावा, बरखा एक फेमस ट्रैवल व्लॉगर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी हैं, जिन्होंने कैडबरी, अमेजन और कोका-कोला जैसे ब्रांडों के साथ सहयोग किया है। उन्होंने माधुरी दीक्षित की फिल्म मजा मा में भी अहम रोल किया था, जिसमें गजराज राव, ऋत्विक भौमिक, सृष्टि श्रीवास्तव और कई कलाकार थे।



## वॉर 2 को लेकर उत्साहित हैं कियारा आडवाणी

ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की फिल्म 'वॉर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म को लेकर दर्शकों को बेसब्री से इतजार है और पहली बार जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन का पर्दे पर क्लैश देखने के लिए दर्शक खासा उत्साहित हैं। हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। जिसके बाद अभिनेता ऋतिक रोशन ने फिल्म की शूटिंग पूरे होने पर फिल्म के अपने अनुभवों को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने अपने को-एक्टर्स जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी का भी जिक्र किया था। अब अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने भी फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है और फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर एक पोस्ट शेयर किया है। कियारा ने अपने एक्स अकाउंट पर ऋतिक की पोस्ट को ही री-शेयर किया है। इसके साथ ही कियारा ने लिखा, उत्साह दोनों का एक जैसा ही है ऋतिक। आपके साथ स्क्रीन शेयर करना एक यादगार अनुभव रहा, जिसे कभी भूला नहीं जा सकता। आदी सर, तारक और हमारी शानदार टीम ने जो अद्भुत तैयार किया है, उसे लोगों के सामने लाने का इंतजार नहीं हो रहा। अपनी इस पोस्ट में कियारा ने ऋतिक और जूनियर एनटीआर को मेंशन भी किया है।

इससे पहले ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर केक काटते हुए एक फोटो शेयर की थी। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करते हुए एक खास नोट भी लिखा था। इसमें उन्होंने फिल्म के अपने को-एक्टर्स कियारा, जूनियर एनटीआर को भी मेंशन करते हुए उनके साथ काम करने के अपने अनुभवों को जाहिर किया था।

### 14 अगस्त को रिलीज होगी 'वॉर 2'

'वॉर 2' यशराज के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है और 2019 में आई फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है। 'वॉर 2' में ऋतिक ने पहली फिल्म की तरह ही रॉ एजेंट कबीर की भूमिका निभाई है। फिल्म में जूनियर एनटीआर निगेटिव किरदार में नजर आएंगे, जबकि कियारा फीमेल लीड में दिखाई देंगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।






## एक बार फिर साथ काम करेंगे इमरान हाशमी और हिमेश रेशमिया

हिमेश रेशमिया और इमरान हाशमी की जोड़ी ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन गाने और थ्रिलर फिल्में दीं हैं। अब यह जोड़ी एक बार फिर गनमास्टर जी9 में साथ में काम करने को तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने बुधवार को इसका टीजर रिलीज किया है। इस खबर से फैंस उत्साहित हैं। फिल्म निर्माता दीपक मुकुट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक रहस्यमई हाथ एक दूध भरी बाल्टी से निकलता है। इस दौरान इमरान हाशमी कहते हैं। मुझसे मचमच किया तो चलेगा। गलती से परिवार को छुआ तो याद रखना। धंधे से दूध वाला हूं, बंदा बारूद वाला हूं।

### 2026 में रिलीज होगी फिल्म

इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है दूध से बारूद तक, सब्जी से गुंडा तक, गोली से पीटने तक, गनमास्टर जी9 तबाही के लिए तैयार है। टीम घातक है। दीपक मुकुट, नर मुकुट, सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट, इमरान हाशमी, आदित्य दत्त और हिमेश रेशमिया को वापस लाकर खुश है। इनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना हैं। गनमास्टर जी9 सिनेमाघरों में 2026 को आएगी।

### इमरान हाशमी और हिमेश ने साथ में किया काम

आपको बता दें कि हिमेश रेशमिया ने इमरान हाशमी की फिल्म आशिक बनाया आपने और अक्सर में काम किया है। हिमेश ने इमरान हाशमी के कई गानों को आवाज दी है जो हिट रहे हैं। इसमें झलक दिखला जा, आशिक बनाया आपने और आपकी कशिश जैसे गाने शामिल हैं।

### 18 साल बाद साथ काम करेंगे

2019 में रिलीज हुई इमरान की फिल्म द बॉडी में हिमेश का एक गाना था। वहीं 2007 में उन्होंने इमरान की फिल्म गुड बॉय बैड बॉय में बतौर म्यूजिक डायरेक्टर काम किया था। कह सकते हैं कि अब वे 18 साल बाद इमरान हाशमी की किसी फिल्म को म्यूजिक देंगे।





## एक्टिंग का पेशा काफी डिमांडिंग है, आपको इंडस्ट्री के हिसाब से काम करना पड़ेगा

शरद केलकर उन फेमस एक्टर्स में से हैं, जो फिल्मों, ओटीटी और छोटे पर्दे तीनों पर पसंद किए गए हैं। बाहुबली में प्रभास की आवाज बनकर शोहरत बटोरने वाले शरद ने एक बार फिर छोटे पर्दे का रुख किया है, नए सीरियल तुम से तुम तक से। उनसे एक खास बातचीत।

**एक समय था, जब आप हकलाया करते थे और वहां से लेकर आवाज की दुनिया का इतना बड़ा बनने का सफर कैसा था? इंडस्ट्री में आवाज के मामले में आप और अमिताभ बच्चन को ही मानक माना जाता है।**

शाहरुख खान की फिल्म का डायलॉग है न कि किसी चीज को आप शिद्दत से चाहो, तो सारी कायनात उसमें लग जाती है, मगर मेरे लिए तो ये मरता क्या न करता वाली हालत थी। मैं तो पढ़ाई-लिखाई करके अच्छी-खासी नौकरी कर रहा था कि मुझे एक्टिंग के कीड़े ने काटा और मैं यहां आ गया, पर जब मैं यहां आया, तो मेरी उम्र अच्छी-खासी 28 साल की थी। मैं अपना ग्लोरी पीरियड खो चुका था। मुझे किसी भी हाल में इस क्षेत्र में पैर जमाने थे। चूंकि मैं दिखता अच्छा था, तो मुझे काम तो मिलता था, मगर मेरा काफी मजाक उड़ता था।

**एक्ट्रेस कीर्ति से आपकी शादी को 20 साल हो गए, मगर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री जिसे काजल की कोठरी कहा जाता है, उसमें आप दाग से बचे रहे, कभी आपका नाम किसी से नहीं जुड़ा?**

ये जो नजरिया है न, ये आज की तारीख में पूरी तरह से गलत है। आज की डेट में सबसे सफेद कोठरी यही है। मुझे अगर किसी अच्छे दोस्त के साथ कॉफी पीने भी जाना हो, तो दस बार सोचना पड़ता है कि वहां मुझे देखकर पैप्स या मीडिया क्या दिखा दे या छाप दे पता नहीं। तो आज हमारी इंडस्ट्री में आप ऐसा-वैसा कुछ नहीं कर सकते। आज जो दूसरी इंडस्ट्री में हो रहा है, उसका पांच पर्सेंट भी हमारे यहां नहीं हो रहा। आप चाहे मेडिकल जगत देखें या कॉर्पोरेट वर्ल्ड, रिश्तों का करप्शन वहां हमारी इंडस्ट्री की तुलना में कहीं ज्यादा है। मेरे बहुत दोस्त हैं, जो बताते रहते हैं कि उनके कार्यक्षेत्र में क्या-क्या हो रहा है? असल में आज लोग बहुत ही फ्रस्ट्रेटेड हैं। काम के घंटे बढ़ गए हैं। तनाव बहुत ज्यादा है। इस स्ट्रेसफुल लाइफ में डिवोर्स बढ़ रहे हैं। एक्स्ट्रामेरिटल अफेयर्स हो रहे हैं, मर्डर्स तक हो रहे हैं।

**आप एक ऐसे अदाकार हैं, जो एक ही समय में फिल्म, ओटीटी और टीवी पर काम कर रहे हैं, आप 8 घंटे की शिफ्ट के बारे में क्या सोचते हैं?**

आप जिस फील्ड में हैं, उसे आपने चुना है, तो आप हर जॉब के प्रोज और कॉन्स जानते हैं। आपसे किसी ने जबरदस्ती नहीं की है। हमारा पेशा काफी डिमांडिंग है, तो आपको टाइम देना पड़ेगा कि ये 7 दिन आ रहा है या 5 दिन। आपको पता है कि आप मुंबई जैसे शहर में हैं, जहां आपको शूटिंग में पहुंचने के लिए ट्रैफिक का सामना करना पड़ता है और टाइम लग जाता है। आपको अपनी इंडस्ट्री के हिसाब-किताब से काम करना पड़ेगा। एक बार आप किसी मुकाम पर पहुंच जाएं, तो फिर आप अपने काम का पैमाना सेट कर सकते हैं। मगर ये प्रोफेशन है डिमांडिंग इसमें आप शिकायत कैसे कर सकते हैं।

**फिल्मों और ओटीटी पर सक्रिय रहते हुए आपने लंबे समय बाद टीवी पर वापसी की। कोई खास वजह?**

मैं टीवी से गायब नहीं था। पिछला शो बैरी पिया (2010) था। मैं कमिटमेंट को लेकर बहुत सीरियस हूं और ओवर कमिटमेंट से बचता हूं। तभी किसी प्रोजेक्ट के लिए हां कहता हूं, जब उसे निभा सकूं। बैरी पिया के बाद टीवी के कई ऑफर थे, लेकिन फिल्में भी करनी थीं, इसलिए डेट्स को लेकर चुनना पड़ा। राजन शाही ने जब कुछ तो लोग कहेंगे ऑफर किया, तो वो हफ्ते में चार दिन आने वाला शो था। राजन जी तेज काम करते हैं और मैं भी। मैं उन एक्टर्स में से नहीं जो कॉस्ट्यूम बदलने में वक्त लें, मैं सेट पर ही कपड़े बदल लेता हूं। सोचता हूं, अगर बच्चन साहब ऐसा कर सकते हैं, तो मैं क्यों नहीं? टीवी पर मैंने सात फेरे, आदर्श दामाद, आदर्श बेटा, बैरी पिया जैसे रोल किए। एक वक्त के बाद उन्हीं जैसे किरदारों के ऑफर आने लगे। कुछ तो लोग कहेंगे में मच्योर लव स्टोरी की, फिर वैसे ही रोल आने लगे। एजेंट राघव किया तो पुलिस वाले रोल्स की भरमार हो गई। कोई लौट के आया में ब्लाइंड विलेन था, जिसे काफी सराहा गया।

**आपका शो एज गैप वाली लव स्टोरी पर आधारित है, मगर आज प्यार-मोहब्बत के मामले में सिचुएशनशिप, घोस्टिंग, ब्रेडक्रंबिंग जैसे टर्म्स आ गए हैं, क्या कहना चाहेंगे इस पर?**

अरे हां, मैंने तो पॉकेटिंग के बारे में भी सुना है। सिचुएशनशिप तो बहुत सुनता हूं। आखिरकार ये बला है क्या? मैं अभी इस लीग में आया नहीं हूं, क्योंकि मेरी बेटी अभी 10-11 साल की है। मैं पूछूंगा निहारिका (सीरियल की उनकी हीरोइन निहारिका चौकसे) से। अब मैं यही कहूंगा कि हमारे समय में टर्म्स नहीं थे, मगर ये चीजें तो तब भी थीं। डबल डेटिंग तो तब भी लोग करते ही थे। अब जहां तक प्यार की बात, तो इसे शब्दों में बयान कैसे करें, मगर इतना जरूर कह सकता हूं कि मेरे लिए प्यार का मतलब है खुशी।



# भगवान शिव और मां पार्वती के संवाद की साक्षी है अमरनाथ गुफा

**हर साल सावन के महीने भगवान शिव के स्वयंभू हिमलिंग के दर्शन होते हैं। भक्त कई किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करके इस पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। वहीं बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने जीवन को धन्य मानते हैं।**

अमरनाथ यात्रा का नाम सुनते ही हमारे मन में बर्फ के बीच स्थित भगवान शिव की पवित्र गुफा उभर आती है। वहीं इस यात्रा में हर साल लाखों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। कहा जाता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से इस यात्रा पर जाते हैं, उनकी हर मुराद पूरी होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। अमरनाथ यात्रा की यह गुफा जम्मू-कश्मीर के हिमालय में करीब 12,756 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है।

बता दें कि हर साल सावन के महीने भगवान शिव के स्वयंभू हिमलिंग के दर्शन होते हैं। भक्त कई किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करके इस पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। वहीं बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने जीवन को धन्य मानते हैं। बताया जाता है कि भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। तब यही गुफा भगवान शिव और मां पार्वती की संवाद की साक्षी बनी थी। इसलिए इस स्थान को अमरनाथ कहा जाता है। भगवान शिव में आस्था रखने वाले लोग जीवन में एक बार इस यात्रा को जरूर करना चाहते हैं, जिससे उनके पाप मिट जाएं और मोक्ष मिल सके।

## इतिहास

अमरनाथ गुफा की खोज को लेकर कई मत हैं। इतिहास के मुताबिक 1850 में बूटा मलिक नामक गड़रिए ने इस गुफा की खोज की थी। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जब कश्मीर घाटी पानी में डूब गई थी और झील बन गई थी। तब ऋषि कश्यप ने प्राणियों की रक्षा के लिए इस जल को कई नदियों और छोटे-छोटे जल स्त्रोतों से आगे प्रवाहित करने का काम किया। इस दौरान ऋषि भृगु हिमालय यात्रा पर थे, इस दौरान उनको अमरनाथ गुफा और शिवलिंग दिखाई दिया। तब से ही अमरनाथ में भगवान शिव की पूजा की जाने लगी।

## महत्व

धार्मिक पुराणों के मुताबिक अमरनाथ गुफा वह जगह है, जहां भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरकथा सुनाई थी। अमर कथा सुनने के बाद भी जो जीव जीवित रह जाता है, वह अमर हो जाता है। इसलिए भगवान शिव ने यहां आकर सब कुछ त्याग दिया था और फिर मां पार्वती को कथा सुनाई थी। बताया जाता है कि भगवान शिव ने अपना वाहन नंदी, नागों और गणों को भी दूर भेज दिया। जिससे कोई इस रहस्य को सुन न सके। लेकिन इस दौरान कबूतर के एक जोड़े ने इस कथा को सुन लिया और तभी से माना जाता है कि वह आज भी अमर हैं। इस कथा के कारण इस गुफा को अमरनाथ गुफा कहा जाता है।

## अमरनाथ यात्रा की इतिहास

बता दें कि इस साल अमरनाथ यात्रा की शुरुआत 03 जुलाई से हो रही है और यह 31 अगस्त तक चलेगी। वहीं देशभर से हजारों की संख्या में भक्त इस पवित्र यात्रा में शामिल होते हैं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिससे कि यात्रा निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।







# सावन में शिवलिंग की पूजा कैसे करें?

## जान लें सही विधि, नियम और पूजा सामग्री

**सावन का महीना देवों के देव महादेव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए सबसे खास होता है. हिंदू कैलेंडर के मुताबिक सावन का महीना साल का पांचवां महीना होता है. धार्मिक ग्रंथों और शास्त्रों के अनुसार, यह महीना भगवान शिव को सबसे प्रिय माना गया है. सावन के महीने में भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करने और जलाभिषेक करने का विशेष महत्व होता है. धार्मिक मान्यता है कि सावन के महीने में माता पार्वती ने कठोर तपस्या करते हुए भगवान शिव को पति के रूप में पाया था.**

सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा विशेष फलदायी मानी गई है. मान्यता है कि जो भक्त पूरे सावन के महीने में शिव जी की पूजा करता है और शिवलिंग का जलाभिषेक करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. वैसे तो सावन का हर दिन शिवजी की पूजा के लिए शुभ है, लेकिन सावन में सोमवार के दिन पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है.

सावन के दौरान कई भक्त घर पर शिवलिंग की स्थापना कर उसकी पूजा करते हैं. घर में शिवलिंग की पूजा के लिए खास नियम और विधि बताई गई है. अगर आप भी सावन के पूरे महीने में यहां बताई गई विधि से शिवलिंग की पूजा करते हैं तो इससे आपके समस्त कष्ट दूर हो सकते हैं और जीवन में समृद्धि बनी रहती है. ऐसे में आइए आपको बताते हैं सावन के महीने में किस तरह से शिव उपासना की जाए जिससे शिव कृपा का लाभ मिल सके.

### सावन में शिवलिंग पूजा का महत्व

हिंदू कैलेंडर के अनुसार सावन को एक बेहद पूजनीय और पावन महीना माना जाता है जो विशेष रूप से भगवान शिव की आराधना के लिए समर्पित होता है. इस शुभ महीने के दौरान भक्त समृद्धि, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास का आशीर्वाद पाने के लिए विभिन्न अनुष्ठान करते हैं. सावन में किए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठानों में से एक है शिवलिंग की पूजा. धार्मिक मान्यता है कि शिवलिंग की पूजा का विशेष लाभ मिलते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है.

शिव पुराण में सावन के दौरान शिवलिंग की पूजा का महत्व माना गया है क्योंकि सावन हिंदू चंद्र कैलेंडर का पांचवां महीना होता है. ऐसा माना जाता है कि इस महीने के दौरान, ब्रह्मांड शिव में दिव्य ऊर्जा भर जाती है, जिससे यह शिवलिंग की पूजा के लिए आदर्श समय बताया गया है. सावन चातुर्मास के दौरान पड़ता है और इस दौरान जगत पालनहार भगवान विष्णु सृष्टि का कार्यभार भगवान शिव को सौंप देते हैं. इसी वजह से जो भी भक्त सावन में शिवलिंग की पूजा करता है, उसके जीवन की हर परेशानी दूर हो जाती है.

### घर में कौन से शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए?

सावन में घर में शिवलिंग की पूजा करें तो आपको घर में कौन सा शिवलिंग रखना चाहिए यह भी बेहद महत्वपूर्ण होता है. ज्योतिष के अनुसार, घर में पारद शिवलिंग रखना सबसे शुभ माना गया है. इसके अलावा आप स्फटिक का शिवलिंग भी घर में रख सकते हैं.

अगर आप नर्मदा नदी के शिवलिंग की पूजा करते हैं तो यह सबसे ज्यादा शुभ होता है. शिवलिंग भगवान शंकर के निराकार रूप का प्रतिनिधित्व करता है और उनके अनंत स्वरूप का प्रतीक भी माना गया है, इसलिए कुछ विशेष प्रकार के शिवलिंग की ही पूजा घर में करने की सलाह दी जाती है.



### सावन शिवलिंग पूजा सामग्री

अगर आप घर में शिवलिंग की पूजा या अभिषेक करने करने जा रहे हैं, तो आपको कुछ खास सामग्रियों की जरूरत होती है. आइए इनके बारे में जानें - बेलपत्र, भांग, धतूरा, शमी के पत्ते, बिल्व पत्र, चंदन का लेप, आक के फूल, सफेद फूल, कमल, मौसमी फल, शहद, शक्कर, चीनी, गंगाजल, गाय का दूध, अगरबत्ती, कपूर, घी का दीपक, धूप, दीप, गंध, नैवेद्य, प्रसाद के लिए मिठाई, आचमन के लिए जल का पात्र

### सावन में शिवलिंग की पूजा विधि

धार्मिक मान्यता है कि शिवलिंग की पूजा हमेशा विधि-विधान से की जानी चाहिए, इससे आपके जीवन में खुशहाली बनी रहती है. शिवलिंग के पूजा के लिए आपका तन और मन दोनों पवित्र होना चाहिए. सावन में शिवलिंग की पूजा करने की विधि नीचे बताई गई है-

सावन में शिवलिंग का पूजा करने के लिए सबसे पहले शिवलिंग का अभिषेक करें. इसके लिए दूध, दही, शहद और गंगाजल से शिवलिंग को स्नान कराएं. जब भी शिवलिंग का अभिषेक करें, उन्हें जल से भी स्नान कराना चाहिए.

शिवलिंग को स्नान कराने के लिए तांबे के लोटे में जल भरकर जलहरी पर चढ़ाएं. सबसे पहले शिवलिंग के चारों तरफ बनी जलहरी में जल दाहिनी तरफ से जल चढ़ाएं.

मान्यता के अनुसार, यह स्थान गणपति बप्पा का माना जाता है और हमेशा जलाभिषेक इसी स्थान से शुरू करना चाहिए. जलहरी के बाद इसके बाईं ओर जल चढ़ाएं जहां कार्तिकेय का निवास माना गया है. इसके बाद आप शिवलिंग के बीच में जल चढ़ा सकते हैं.

अगर आप शिवलिंग की पूजा घर में कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि हमेशा जलाभिषेक बैठकर ही करें. घर में शिवलिंग की पूजा के बाद आप भगवान शिव की आरती करें और प्रसाद चढ़ाएं.

अगर आप मंदिर में शिवलिंग की पूजा करें तो कभी भी शिवलिंग की पूरी परिक्रमा न करें. साथ ही ध्यान रहे कि कभी भी जलहरी को लांघना नहीं चाहिए.

शिवलिंग का जलाभिषेक करने के बाद उसपर चंदन का तिलक लगाएं और उसके बाद बेलपत्र, फूल-माला, भांग-धतूरा आदि चढ़ाएं. शिवलिंग की पूजा के समय उसके आस-पास की जगह खाली रखनी चाहिए, जिससे जल सीधे ही जलहरी से नीचे एक प्रवाह में बहे.

### सावन में शिव पूजा के नियम

1. इन चीजों का करें त्याग- सावन के शुरू होते ही तामसिक चीजों जैसे मांस, शराब, नशीले पदार्थ, लहसुन, प्याज आदि का सेवन नहीं करना चाहिए. सावन में पूरे महीने सात्विक भोजन करना चाहिए. पूजा से पहले स्नान करके साफ कपड़े पहनने चाहिए.

2. शिवलिंग पर ये चीजें न चढ़ाएं- महादेव की पूजा में तुलसी के पत्ते, हल्दी, केतकी का फूल, सिंदूर, शंख, नारियल आदि चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. ये सभी चीजें शिव पूजा में वर्जित मानी गई हैं.

3. इन दिनों पर व्रत रखना है शुभ- सावन के सोमवार, प्रदोष व्रत और शिवरात्रि के दिन व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए. ये तीनों ही दिन शिव जी की कृपा पाने के लिए सबसे विशेष माने गए हैं.

4. शिव जी मंत्रों का जाप करें- सावन में सामान्य पूजा के दौरान आप ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप कर सकते हैं. आप शिव चालीसा पढ़कर भी भगवान शिव की आरती कर सकते हैं. आरती करने से पूजा की कमियां दूर हो जाती हैं.

5. शिवलिंग के आकार का रखें ध्यान- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, घर में स्थापित किए जाने वाले शिवलिंग का आकार हमेशा छोटा ही होना चाहिए. घर में अंगूठे के आकार का शिवलिंग स्थापित करना सबसे उत्तम है. इसके अलावा शिवलिंग अकेले नहीं रखना चाहिए. उसके साथ में नंदी या शिव परिवार की फोटो जरूर रखें.

6. जलधारा युक्त शिवलिंग- शास्त्रों के मुताबिक, शिवलिंग से हमेशा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. उस ऊर्जा के प्रवाह को संतुलित करने के लिए ही शिवलिंग पर जल चढ़ाया जाता है. शिवलिंग की ऊर्जा को शांत रखने के लिए जलधारा होना जरूरी है.

7. इस दिशा में रखें शिवलिंग- घर में शिवलिंग की स्थापना ऐसे करें कि जलधारा उत्तर दिशा की ओर रहे. वहीं, घर में हमेशा एक शिवलिंग की ही स्थापना करना चाहिए. घर में एक से ज्यादा शिवलिंग की स्थापना करना अशुभ माना जाता है.

### कब से शुरू हो रहा पवित्र माह सावन?


हिंदू पंचांग के मुताबिक, इस बार सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है, जो 9 अगस्त तक चलेगा यानी सावन का अंतिम दिन 9 अगस्त है। 10 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा है, जो 10 जुलाई की रात 01.36 बजे शुरू होगा और 11 जुलाई की रात 02.06 बजे तक रहेगा। इसके बाद सावन या कहें श्रावण माह की प्रतिपदा तिथि लगेगी। सावन माह की प्रतिपदा तिथि 11 जुलाई की रात 11.07 बजे शुरू होगी, जो 12 जुलाई की रात 02.08 बजे खत्म होगी। चूंकि हिंदू धर्म में शिव पूजा निशित काल में करने का विधान है, ऐसे में 11 जुलाई को ही सावन का आरंभ माना जाएगा।


इस बार 4 सोमवार व्रत पड़ेंगे, जो पहला 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई और चौथा सोमवार 4 अगस्त को रखा जाएगा।

### सोमवार व्रत के लाभ

सावन में सोमवार के व्रत का विशेष महत्व है, जिसके बारे में शिव पुराण में भी बताया गया है। माना जाता है कि जो शिव भक्त श्रद्धा और नियम से सावन के सभी सोमवार व्रत रखते हैं, उन्हें भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। सोमवार व्रत करने से जातक के जीवन में सुख,शांति और समृद्धि आती है। साथ ही ग्रहों की प्रतिकूल दशा में भी सुधार आता है।

# सावन में इन राशियों की किस्मत चमकेगी, पैसों की कमी होगी दूर





सावन का महीना भगवान शिव का बहुत ही प्रिय माना जाता है। इस माह में शिवजी की पूजा, आराधना और भक्ति से शुभ फल मिलते हैं। लोग अलग अलग तरह से इस महीने में भोलेनाथ की भक्ति करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। सावन के दौरान सोमवार के व्रत का विशेष महत्व होता है। शिवलिंग पर जल चढ़ाना, कांवड़ यात्रा में जाना, और सावन के व्रत-त्योहारों का पालन करना इस माह की खास परंपराएं हैं। सावन का पवित्र माह कई राशियों के लिए शुभ परिणाम लेकर आता है। आइए जानते हैं सावन में किन राशियों की किस्मत चमकेगी और उन्हें क्या लाभ मिल सकते हैं।

### मेष राशि

मेष राशि वालों के लिए सावन का महीना शुभ और फलदायी रहेगा। इस समय आपके कई रुके हुए काम बन सकते हैं। मेहनत का फल मिलेगा और तरक्की के अवसर मिलेंगे। नौकरी में लंबे समय से चल रही कठिनाइयों का समाधान होगा। मेहनत के अनुसार सफलता मिलने की संभावना बढ़ेगी।

### कर्क राशि

कर्क राशि के जातकों के लिए सावन का महीना बहुत ही शुभ रहेगा। इस माह में नए रास्ते खुलेंगे और आपके कई नए विचार सफल होंगे। सुख-समृद्धि में वृद्धि होगी। आप अपने जीवन में कुछ नए फैसले लेकर आगे बढ़ेंगे। यह समय आपके लिए भाग्यशाली साबित होगा।

### सिंह राशि

सिंह राशि वालों के लिए सावन का महीना मान-सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा लेकर आएगा। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा और आपके नए कार्यों में लाभ होगा। सेहत भी बेहतर रहेगी। साथ ही आपके प्रेम जीवन में भी सुधार आएगा और जीवन साथी से भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा।

### मकर राशि

मकर राशि के लिए सावन का महीना भगवान शिव और शनि देव की कृपा से फलदायक रहेगा। इस समय बिजनेस या काम में उन्नति के कई अवसर मिलेंगे। दान-पुण्य के कार्यों में खुद को व्यस्त रखें क्योंकि यह आपके भाग्य को और मजबूत करेगा।

### कुंभ राशि

कुंभ राशि वालों पर भी सावन में भोलेनाथ और शनि देव की विशेष कृपा रहेगी। आपको अपनी वाणी में सावधानी रखनी होगी और किसी से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए। कटु शब्दों से बचें। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और जीवन की परेशानियों का अंत होगा।

सावन का महीना धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस माह में भक्ति, पूजा और दान से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। सभी राशियों को सावन के इस पावन माह में भगवान शिव की आराधना करनी चाहिए और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए।

## संदीप चौधरी बने 'विकसित भारत संकल्प संस्थान' के राष्ट्रीय अध्यक्ष, लिया विश्व का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का संकल्प



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** पर्यावरण व सामाजिक क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय संदीप चौधरी को 'विकसित भारत संकल्प संस्थान' का राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रस्टी नियुक्त किया गया है। यह संस्थान "यूथ फॉर नेशन" की 17 वर्षों की राष्ट्रसेवा से प्रेरित होकर शिक्षा, सेवा, संस्कार और स्वावलंबन जैसे छह उद्देश्यों पर कार्य करता है। अपनी नियुक्ति के बाद श्री चौधरी ने घोषणा की कि वे "विश्व का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय" स्थापित करेंगे, जो केवल डिग्रियाँ नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, नवाचार और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र होगा। उनका कहना था कि यह संस्थान भारत की आत्मा और वैश्विक ज़रूरतों का संगम बनेगा। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल इमारतों का समूह नहीं बल्कि "राष्ट्र निर्माण तीर्थ" होगा। समारोह के दौरान 'कर्मवीर सम्मान' भी दिए गए, जिनमें समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत कई विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। यह नियुक्ति केवल दायित्व नहीं, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। संस्था "सेवा ही संकल्प, संस्कार ही समर्पण" के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ रही है।

## राव रत्ना जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर बागावास अहिरान में बैठक आयोजित

### 27 जुलाई को भौनावास गौशाला में होगा भव्य आयोजन



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** राव रत्ना जी की जयंती समारोह को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कस्बे के समीपस्थ ग्राम बागावास अहिरान स्थित बिहारी जी मंदिर परिसर में श्री शेखावत राजपूत सेवा संस्थान (सत्ताईसा क्षेत्र) के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता सत्ताईसा क्षेत्र अध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत ने की, जिसमें आगामी 27 जुलाई 2025 को भौनावास गांव की गौशाला में प्रस्तावित राव रत्ना जी जयंती समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।इस दौरान समारोह को ऐतिहासिक व गरिमामय बनाने हेतु आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया गया। वही मंच संचालन इकाई अध्यक्ष मामन सिंह शेखावत ने कुशलतापूर्वक किया। बैठक में सत्ताईसा क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों एवं समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जयंती समारोह में जिलेभर से राजपूत समाज के प्रतिनिधियों व लोगों के भाग लेने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन भी किया गया है।समारोह की भव्यता और समाजिक एकता का प्रतीक बनेगा यह आयोजन। इस दौरान नंदसिंह, रामअवतार सिंह,करण सिंह, सोहन सिंह,हरिसिंह, दातार सिंह शेखावत, अमरसिंह ,राजेंद्र सिंह,गजराज सिंह,जितेंद्र सिंह,विजेंद्र सिंह सहित आनेको लोग मौजूद रहे।

## बारिश के बाद घरों में घुसा पानी, ग्रामीणों को हो रही है परेशानी

### जिम्मेदारो की अनदेखी से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड रहा

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र में सोमवार को बारिश के दौरान घरों में पानी घुस गया। ऐसे में ग्राम पंचायत छान्देल कलां के गांव छान्देल खुर्द में बारिश के चलते घरों में पानी घुसने से रहने वाले परिवार सहित ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है ऐसे में बारिश के पानी जमा होने से लोगों का जनजीवन भी अस्त-व्यस्त होता रहता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सीसी रोड बनाने के दौरान सड़क किनारे पानी निकासी को लेकर नालियों का निमार्ण नहीं किया गया, जिससे बारिश का पानी सिधा घरों में घुसने से लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। वहीं ग्रामीण सुमेर सिंह ने बताया कि सीसी सड़क बनाने के दौरान साइडों में नालियों का निर्माण करवाया जाएं तो पानी निकासी आराम से हो सकती है ऐसे में बारिश के मौसम में आए दिन बारिश होने से घरों में पानी घुस जाता है लेकिन कोई सुनने वाला धणा धोरी नहीं है। लगातार बारिश के मौसम में हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। वहीं कमरे में पानी घुसने से बच्चों व महिलाओं को बहुत ज्यादा परेशानी होती है।

# सोमवंशी क्षत्रिय वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की बैठक हुई सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** रविवार को श्री सहस्रबाहु सोमवंशी क्षत्रिय वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की कार्यकारिणी की बैठक राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा के तत?वावधान में सहस्रबाहु अर्जुन छात्रावास भवन पर आयोजित की गई। भगवान सहस्रबाहु अर्जुन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आरती का वाचन किया गया। संस्था की ओर से बैठक में पधारे सभी पदाधिकारियों का दुपटटा व मोती माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी, भामाशाह एवं संस्था संरक्षक शिव चरण हाडा ने की।

हाडा ने अपने उदबोधन में कहा कि सोमवंशी वर्ग की अलवर एवं गोवर्धन में सभाएं हैं। उनका सीमित दायरा है। राजधानी जयपुर में तीन वर्ष पहले सोमवंशी वर्ग की इस सभा का गठन किया गया था। उन्होंने सोमवंशी वर्ग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज का कोई भी बच्च्या् जिसको स्कूल फीस, कापी, किताब आदि खरीदने में दिक्कत आ रही हैं। ऐसे बच्चे मेरे से एवं श्री सहस्रबाहु सोमवंशी क्षत्रिय वेलफेयर सोसायटी से सम्पर्क कर सकते हैं। उनको आर्थिक मदद दी जायेगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वर्तमान में जयपुर में जितनी भी सामाजिक संस्थाएं कार्य कर रही उनको सबको मिलकर सहस्रबाहु जयंती मनाये एवं शोभायात्रा निकालनी चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी हरी बाबू माहुर ने कहा कि किसी भी संस्था का कोई न कोई मूल उददेश्य होता है। इसी तरह इस संस्था को भी कोई मिशन लेकर कार्य करते हुए उसे हासिल करना होगा। एडवोकेट लक्ष्मी नारायण ने कहा कि समाज में अलग-अलग संगठन बने हुये हैं। उनको सबको मिलकर सामूहिक रूप से सामाजिक उत्थान के कार्य करने चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह का कहना था कि किसी भी उददेश्य को लेकर कार्य में जुट जाएं सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र सेठी ने कहा होली एवं दीपावली मिलन समारोह हर साल आयोजित करने एवं निरंतर समाज हित में कार्य करने पर बल दिया।

भगवान सहस्रबाहु जयंती मनाने के बिन्दु पर उत्तम चंद चौधरी ने बताया कलाल महासभा की 28 जुलाई 2025 को आयोजित कार्यकारिणी बैठक में निर्णय लिया जायेगा। वरिष्ठ समाजसेवी कमल किशोर जायसवाल ने कहा कि यदि जयपुर में सामूहिक रूप से भगवान सहस्रबाहु जयंती मनाई जाती है तो जायसवाल सेवा समिति की ओर से एक झांकी शामिल हो सकती है।

समाज की युवा समाजसेविका मीतू हाड़ा का कहना था कि जब समाज के सारे संगठन कलाल समाज के ही हैं तो उनको सबको संगठित होकर कलाल बैनर के नीचे समाज हित में काम करने चाहिए। संस्था के अध्यक्ष राम चरण सोमवंशी ने बताया कि राजधानी जयपुर में एवं प्रदेश स्तर पर सोमवंशी वर्ग की कोई संस्था नहीं थी। वर्ष 2022 में हम सब ने इस संस्था का रजिस्ट्रेशन करवाया। और कहा कि संस्था विधुर, विधवाओं, विकलांगों, वृद्धजनों, आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगों को आर्थिक सहयोग करने की दिशा में भी कार्य करने की इच्छुक है। उन्होंने संस्था की भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी संगठनों से समाज एकता पर बल दिया।

कोषाध्यक्ष किशोर सेठी ने संस्था के आय-व्यय की जानकारी दी।

मीटिंग का संचालन महामंत्री ओम प्रकाश जायसवाल (दूरदर्शन) ने किया एवं पधारे सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## वन राज्यमंत्री ने सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

**पौधे लगाने के लिए श्रावण माह सबसे उपयुक्त समय, आमजन अधिकाधिक पौधारोपण कर हरियालो राजस्थान अभियान में निभाए भागीदारी - वन राज्यमंत्री शर्मा**



जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार को अलवर में सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर तथा सामान्य चिकित्सालय में स्थापित शिव मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति पर रुद्राभिषेक किया एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं को श्रावण के सोमवार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में सावन के सोमवार का विशेष महत्व है। इन दिनों भगवान शिव की आराधना कर उनका रूद्राभिषेक करने पर मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक वर्षा होने के कारण यह महीना प्राकृतिक सौन्दर्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के उन्नयन हेतु पूर्ण निष्ठा के साथ निरन्तर कार्य कर रही है। मंदिरों में भोग की राशि बढाने की राज्य सरकार की घोषणा सराहनीय कदम साबित हुई है। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थानों पर अपने नियमित पौधारोपण करने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश में 10 करोड से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। अतः आमजन पर्यावरण संरक्षण एवं धरती मां के प्रति अपनी कृतज्ञता निभाते हुए न केवल पौधा लगाए बल्कि उसकी सार-संभाल भी करें। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सालय अधिकारी डॉ. सुनील चौहान, पं. जलेसिंह, सियाराम मीणा, पुष्पेंद्र शर्मा, सौरभ कालरा, अभय सैनी, पुष्पराज शर्मा, योगेश नेहरा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## भाजपा पार्षद ने मांगी फायर एनओसी की सूची

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के वार्ड न. 34 के भाजपा पार्षद पंकज घासोलिया ने नगरपरिषद से पिछले दिनों में जारी की गई फायर एनओसी का रिकॉर्ड मांगा है। आयुक्त को लिखे पत्र में पंकज घासोलिया ने बताया है कि पिछले 23 माह में मुझे फायर ऑफिसर की ओर से प्रस्तुत की गई सभी रिपोर्ट्स की पूर्ण सूची, जिसमें आवेदन तिथि, निरीक्षण तिथि, रिपोर्ट, जारी होने की तिथि शामिल हो दी जाए। पार्षद ने पत्र में बताया है कि 4 जनवरी 2024 से अब तक जारी की गई समस्त फायर एनओसी की विस्तृत डिटेल दी जाए, ताकि इस प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं को सामने लाया जा सके। क्योंकि यह शहर की बहुत बड़ी जनता की सुरक्षा और जान माल से जुड़ा हुआ विषय है।

# त्रैमासिक सेक्टर बैठक में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा का दिया प्रशिक्षण

जयपुर टाईम्स



**चाकसू(निसं.)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के शिवदासपुरा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस वर्ष एक अतिरिक्त त्रैमासिक सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया है इस अतिरिक्त सेक्टर बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा का प्रशिक्षण सेक्टर हैंडबुक के माध्यम से दिया जाएगा। इसी क्रम में शिवदासपुरा सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की त्रैमासिक सेक्टर बैठक का आयोजन अटल सेवा केंद्र शिवदासपुरा में किया गया। महिला पर्यवेक्षक ममता सागर ने सभी कार्यकर्ताओं को नवीन शिक्षण सहायक सामग्री के बारे में विस्तार से बताया तथा पर्यवेक्षक सेक्टर हैंडबुक के माध्यम से विभिन्न सत्रों के बारे में जानकारी दी गई।यूनिसेफ के सहयोगी संस्था प्रारंभ फाउंडेशन से रेखा दोराता ने कार्यकर्ताओं को बताया की साप्ताहिक कैलेंडर और इंद्रधनुष दो से बच्चों के साथ किस प्रकार से कार्य करवाना है सभी कार्यकर्ताओं को शिक्षण सहायक सामग्री सामग्री जैसे कैलेंडर,उपस्थित कार्ड ,जादू की छड़ी आदि बनवाए गए तथा इनका उपयोग बच्चों के साथ किस प्रकार से किया जाएगा। इस पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई इसके साथ ही 24 जुलाई को की जाने वाली अभिभावक बैठक के बारे में जानकारी दी गई। सभी कार्यकर्ताओं में बहुत ही रुचि के साथ विभिन्न प्रकार के शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण किया इस अवसर पर शिवदासपुर सेक्टर की सभी कार्यकर्ताएं मौजूद रही।

# ग्रामीण शिक्षकों को वीक्षक ड्यूटी से छूट देने की मांग, दोहरी पारी में ड्यूटी पर जताई आपत्ति

**राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जयपुर ग्रामीण ने जिला शिक्षा अधिकारियों को सौंपा मांगपत्र**

जयपुर टाईम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जयपुर ग्रामीण की जिला कार्यकारिणी ने सोमवार को शिक्षकों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुनील सिंघल और प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष मदन कुमार मीणा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों को प्रतियोगी परीक्षाओं की वीक्षक ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की। अधिकारियों ने मौके पर ही संबंधित कार्यालय स्टाफ को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। संघ के जिला मंत्री चौथमल कुमावत ने दोहरी पारी में ड्यूटी लगाए जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि इससे शिक्षकों को शारीरिक व मानसिक थकान होती है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार ड्यूटी लगाने से आवाजाही भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। संघ ने सुझाव दिया कि यदि ड्यूटी आवश्यक हो तो एक ही पारी में सीमित की जाए। बैठक में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में अधिशेष शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर स्पष्ट नीति बनाने की भी मांग की गई, जिससे बार-बार के तबादलों से राहत मिल सके। संघ ने एसीपी, नोशनल वेतन, और स्थायीकरण से जुड़े मामलों की भी विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 2004 और 2016 में नियुक्त शिक्षकों के वेतन निर्धारण से संबंधित मामले अब तक लंबित हैं, जिससे आर्थिक असमानता उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा मिड-डे मील से जुड़े कुक कम हेल्पर, दूध गर्म करने वाले कार्मिकों और पोशाक राशि का भुगतान भी लम्बे समय से रुका हुआ है। संघ ने इस राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की। बैठक में अर्जुन सिंह, पं. सत्यनारायण शर्मा, रोहिताश दादरवाल, रामावतार शर्मा, अशोक शर्मा, रंजू सुरोलिया, विष्णुदत्त गोरासरा, सतीश शर्मा, और निर्विकार शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दादाजी-पोते की जोड़ी ने संगीत में रचा इतिहासः सीखने की उम्र नहीं होती का बना मिसाल

**जयपुर** 78 वर्षीय आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया और उनके 18 वर्षीय पौत्र खुमान पाटोदिया ने संगीत के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक इतिहास रचते हुए यह सिद्ध कर दिया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जयपुर संगीत महाविद्यालय में आयोजित परीक्षाओं में दोनों ने एक साथ भाग लिया और प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर सबको चौंका दिया। जहां खुमान ने शास्त्रीय गायन में निपुण पार्ट 2 परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की, वहीं दादाजी सत्यनारायण पाटोदिया ने एक ही वर्ष में तीन कलाओं में परीक्षा देकर शानदार प्रदर्शन किया।

**नाम परिवर्तन**

मेरा पुराना नाम विनोद कुमार बलाई है। अब मैंने मेरा नया नाम विनोद कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना वह पहचान जाए।
विनोद कुमार पुत्र संतु उर्फ संतु राम जाति मेघवाल निवासी वार्ड नंबर 25, चंदेल बास, राम मंदिर के पीछे, तहसील व जिला चूरू (राजस्थान)

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम उज्ज्वल (UJJWAL) से बदल कर उज्ज्वल सोनी (UJJWAL SONI) रख लिया है। भविष्य में मुझे उज्ज्वल सोनी (UJJWAL SONI) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जावे।
उज्ज्वल सोनी पुत्र अरविन्द, वार्ड नं. 12, नया बास, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन संख्या आर जे 23 जी.बी. 6363,आर जे 23 यू.सी. 6161,वाहन संख्या जो सिरोही फुळल मार्ट प्रो.विरेन्द्र कुमार,नि.सिरोही,नीमकाथाना, सीकर के नाम पंजिकृत है कि मृत्यु दिनांक 01-03-2023 को होने के कारण अपनी पत्नी मंजू यादव ने वाहन को अपने नाम कराने हेतू इस कार्यालय में आवेदन किया है, इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्थान को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में इस कार्यालय में सूचित करें।

**जिला परिवहन अधिकारी सीकर ( राज. )**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन सं. आर जे 23 यू.बी. 7133 जो स्वर्गीय श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र छाजूराम,नि. वार्ड न 10 आर जी बैंक के पास,गुहाला,नीमकाथाना,जिला सीकर के नाम पंजिकृत है कि मृत्यु दिनांक 10-04-2025 को होने के कारण अपने पत्नी रेणु देवी ने वाहन को अपने नाम कराने हेतू इस कार्यालय में आवेदन किया है, इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्थान को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में इस कार्यालय में सूचित करें।

**जिला परिवहन अधिकारी सीकर ( राज. )**

**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**
E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांक–नपाबी / 2025–26 / 1117 दिनांक – 11.07.25

**निविदा सूचना**

नगरपालिका बीदासर द्वारा 03 कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम –2012 व नियम–2013 की पालना में निम्नांकित कार्यो हेतु दिनांक 18.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक विकय की जाकर उसी दिन दोपहर 01.00 बजे तक जमा ली जावेगी एवं उसी दिन दोपहर 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित शुल्क व अमानता राशि की नकद रसीद प्राप्त करने पर / डी.डी. अद्योहस्ताक्षरकर्ता अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बीदासर के नाम जमा करवाने पर ही निविदा विकय की जावेगी। उक्त निविदा सूचना (http://www.sppp.raj.nic.in) बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
NIB Code- DLB2526A3481
UBN NO- DLB2526WSOB10942
UBN NO- DLB2526WSOB10946
UBN NO- DLB2526WSOB10950
राज.संवाद / सी / 25 / 6138 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु / विकास शाखा / 2025 / 2967 दिनांक :– 08.07.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों / फर्मस से निविदा दिनांक 15.07.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 15.07.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विकय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– DLB2526WSOB10520 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद / सी / 25 / 6100

**राजस्थान प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण**
अरण्य भवन, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर
Email Id :apcefrajcampa@gmail.com, Ph. No. 0141-2713888

क्रमांक :- एफ.14 () अप्रमुवसं/कैम्पा/स्टोर/2025-26/16269103 दिनांक :- 04/07/2025

**NOTICE INVITING BID (NIB: 03/2025-26)**

Bids are invited upto 02.00 P.M. on dated 10.07.2025 for supply of Stationery. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the CEO&APCCF, CAMPA, Aranya Bhawan, Jaipur and State Publie Procurement Portal website "www.sppp.rajasthan.gov.in".
UBN No. : FOR2526GSRC00858
Estimated Cost : 2.00 Lacs
राज.संवाद/सी/25/6122 CEO & APCCF CAMPA, Jaipur

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT / 2025-26/ 12882 - 96 निविदा सूचना / 2025-26 Date- 14.07.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

| निविदा सूचना | निविदा सूचना संख्या | कार्य की अनुमानित लागत (रु0 ) |
|---|---|---|
| Arrangement of Temporary Lighting, Video, PA System and other related work under Unit-Elect.I. RSRDC, Jaipur. UBN: RRC2526SSOB00474 | 08.00 Lakh | ई-232/ 25-26 |
| Urgent Jungle Clearance and Berm Repair on Jaipur-Bhilwara Road. UBN: RRC 2526WSOB00466 | 09.10 Lakh | |
| Plantation works on Karauli-Hindaun-Mahwa Road under Unit-Dholpur. UBN: RRC2526WSOB00476 | 07.54 Lakh | अल्पकालीन ई-234/ 25-26 |
| Electrical Repairing and Cabling work of Mud Pump at RUB Phalodi. UBN: RRC2526WSOB00475 | 07.50 Lakh | ई-236/ 25-26 |

निविदा से सम्बंन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
महाप्रबंधक

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सा0नि0वि0 वृत चूरू**

क्रमाक-722 दिनांक- 04.07.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 09/2025-26**

इच्छुक निविदादाताओं से जिला चूरू में डीपीआर सडक का कार्य हेतु अनुमानित लागत राशि रू0 40.00 लाख की ई - निविदा आमन्त्रित की जाती है। कार्य के निविदा प्रपत्र दिनांक 01.08.2025 सांय 6.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण राज्य सरकार के प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http:// pwd.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।
NIB No- PWD2526A1776
UBN No :- PWD2526SLOB06365
अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि वृत चूरू

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
15 जुलाई, 2025

## कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति, मौसमी बीमारियों के मुद्दों पर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक लेते हुए विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। जिला कलेक्टर गर्ग ने मौसमी बीमारियों के संबंध में सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर से दवाइयों की उपलब्धता, अस्पतालों में व्यवस्थाएं आदि पर रिपोर्ट ली। वहीं जिले में पेयजल आपूर्ति के संबंध में पीएचईडी एसई राजपाल सिंह से विस्तार से चर्चा की। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजेंद्र लांबा से उन्होंने जिले में खाद, बीज, यूरिया व उर्वरक आदि की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए अगले 3 महीने का रोड मैप तैयार रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने हवाई पट्टी सर्किल पर जल भराव के संबंध में भी नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया को इसके समाधान के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए कहा कि संपर्क पर आने वाले परिवादों का तुरंत निस्तारण किया जाए। लंबे समय तक प्रकरण लंबित रहने पर संबंधित अधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में जिला परिषद सीईओ रणजीत गोदारा समेत विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ठाकुर मानदाता सिंह राजा मानसिंह फाउंडेशन सीकर जिला संरक्षक नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निस)।** राजा मानसिंह फाउंडेशन सीकर जिला प्रभारी रणजीत सिंह बांकावत की अनुशंसा पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगराज सिंह कल्याणवत और फाउंडेशन संस्थापक आनन्द सिंह बांकावत ने निकटवर्ती ग्राम गढ़टकनेत निवासी ठाकुर मानदाता सिंह के सामाजिक कार्यों में अनुकरणीय योगदान, समाज सेवा के प्रति निष्ठा को ध्यान में रखते हुए सीकर जिला संरक्षक पद पर नियुक्त किया हैं। इस मौके पर अनेक लोगों ने नवनियुक्त संरक्षक को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर नवनियुक्त संरक्षक ठाकुर मानदाता सिंह ने बताया कि फाउंडेशन की जल्द ही फाउंडेशन की सीकर जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## कांवट-खंडेला मार्ग पर रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाने की मांग

### श्रीमाधोपुर डिपो मैनेजर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**कांवट(निस)।** क्षेत्र के अति व्यस्त सड़क मार्ग कांवट-खंडेला पर यात्री भार अधिक होने के बावजूद रोडवेज प्रशासन ने रोडवेज बसों को घटाकर प्रति दिन के फेरे कम कर दिए। जिससे इस सड़क मार्ग पर यात्री परेशान हो रहे हैं। वहीं निजी वाहन चालक कमाई कूट रहे हैं। यात्रियों को भारी परेशानी झेल कर महंगी यात्रा करनी पड़ रही है। लोगों ने बार बार आंदोलन कर रोडवेज प्रशासन से इस रुट पर बसों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। लेकिन रोडवेज प्रशासन की कानों में जूं तक नहीं रेंगती है। सोमवार को खंडेला के जनसेवक किशोर दुलेपुरा के नेतृत्व में रोडवेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा कर कांवट-खण्डेला मार्ग पर रोडवेज बसों की संख्या फेरे बढ़ाने की मांग की तथा रमझेड़ा पदमपुरा और अहीरों की ढाणी स्टैंड पर रोडवेज बसों का ठहराव की मांग है। युवा नेता जनसेवक किशोर दुलेपुरा ने श्री माधोपुर रोडवेज डिपो के मुख्य प्रबंधक कार्यालय में मांग पत्र सौंपकर आमजन की आवाज को उठाते हुए जन आंदोलन की चेतावनी दी है। रोडवेज प्रशासन ने भी उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द माँगो को पूरी करने का आश्वासन दिया।

## मठ मंदिर में रुद्राभिषेक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**रींगस(निस)।** कस्बे के प्राचीन मठ मंदिर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत के निर्देशानुसार क्षेत्र में सुख-शांति, खुशहाली व अनुकूल वर्षा की मंगल कामना के लिए श्रद्धा और विधि विधान के साथ श्री रमता पंच दसनाम जूना अखाड़ा महंत आनंदपुरी महाराज के आशीर्वाद से उनके शिष्य दत्तपुरी महाराज की ओर से मठ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का वैदिक पाठ सहित रुद्राभिषेक किया गया। इस मौके पर देवस्थान विभाग निरीक्षक किरण मीणा, मंदिर पुजारी रुद्रपुरी महाराज, पंडित पंकज मिश्रा, रामवतार कीकरतला, समाज सेवी सुरेश मील, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कोरखन्या, रींगस बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज सिंह तंवर, विष्णु चूलेट, पार्षद प्रतिनिधि गोगराज भामू, ज्ञानचंद प्रहादका, रणवीर सिंह झाला, मुकेश नरेड़ी, गोपाल साबू, सनातन सोनी, आर्यन पारीक सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियो ने अपने विद्यालय का किया जल अंकेक्षण

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) चतुर्थ चरण से मंडावा में आमजन की सुविधा के लिए जल प्रदाय तंत्र में सुधार व सीवरेज कार्य और विकास के लिए विभिन्न आधारभूत कार्य करवाए जा रहे हैं। आरयूआईडीपी परियोजना के अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र कुमार सैनी के मार्गदर्शन में सामुदायिक जागरूकता व जनसहभागिता यूनिट मंडावा की ओर से आमजन में जन चेतना के माध्यम से परियोजना संदेश देने के लिए आरयूआईडीपी कैप के सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल स्हेला ने मुफ़ीदे आम पब्लिक सी. सै.स्कूल, मंडावा में सोमवार को विधार्थी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर "पानी पर हक है हमारा " फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने ही स्कूल में जल अंकेक्षण किया। कार्यक्रम में जल सरंक्षण पर बच्चो की भूमिका पर बोलते हुए स्हेला ने बताया कि जल ही जीवन है जल के बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है जीवन के सभी कार्य का निष्पादन के लिए जल की आवश्यकता होती है जल संसाधन पानी के वह स्त्रोत है जो मानव जाति के लिए उपयोग है फर्श को पाईप से धोने की बजाय पोछे से साफ करें, सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोड़े, मग में पानी लेकर सेव करे इस प्रकार की छोटी छोटी आदतो से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य हैं और इसमें बच्चे अपना अहम रोल निभा सकते है सी एम एस सी के योगेश आत्रेय ने कहा कि अब समय आ गया है कि बच्चो को आगे आकर पानी को बचाने के लिए उपाए करने होंगे। विद्यालय के निदेशक हाजी फारूख खत्री ने जल सरंक्षण पर प्रकाश डालते कहा कि स्कूल में जल सरंक्षण पर इस प्रकार के कार्यक्रम कराने चाहिए। जिससे जल सरंक्षण के प्रति बच्चो मे सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ व निविदा फर्म एल. एन. ए. आर एण्ड बी (जेवी) की एसओटी कोमल भाटी और महिला प्रशिक्षु अंजलि शर्मा, संगीता मीणा, कोमल चौहान ने बच्चो का मनोबल बढ़ाया और जल संरक्षण के प्रति प्रोत्साहित किया।

## स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** विद्युत उपभोक्ताओं के सही चालू मीटर होने के बावजूद जबरन स्मार्ट मीटर लगाने व अन्य किसानों की मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष कस्वान शुभकरण महला के नेतृत्व में क्रातिकारी किसान यूनियन व राजस्थान किसान सभा की ओर से धरना-प्रदर्शन किया गया और सहायक अभियता मंडावा के मार्फ़त मुख्यमंत्री राजस्थान को ज्ञापन दिया गया। तेज चलने वाले स्मार्ट मीटर जबरन लगाने की कार्यवाही को, बिजली जैसी सेवा क्षेत्र को निजी हाथों में देकर आम गरीब किसानों -मजदूरों से बिजली सेवा को छिन लेने की कार्रवाई मानते हुए इसको तुरंत बंद करने की मांग है। मंदिर माफ़ी की कृषि भूमि पर काबिज किसानों को खातेदारी अधिकार देने, यमुना नहर का पानी झुंझुनूं जिला में शीघ्र लाया जाने और काटली नदी में पानी के बहाव को सुनिश्चित कर नदी को पुनर्जीवित, 2022-23 में शीत लहर व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे से वंचित किसानों को अतिशीघ्र मुआवजा दिया जाए। धरना प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष शुभकरण महला, राजस्थान किसान यूनियन जिला अध्यक्ष रमेश मिल, क्रातिकारी किसान यूनियन अध्यक्ष पोकर झाझरिया होशियार सिंह पूनिया, रोहिताश जांगिड़ राकेश दारा, राजपाल ढाका, राकेश उपस्थित रहे।

## नौ दिवसीय अष्टोत्तरशत कुंडात्मक गोपाल महायज्ञ का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** थाना क्षेत्र के ग्राम आसपुरा थुणी धाम पर ब्रह्मलीन संत रामदास महाराज के सानिध्य में 9 नवंबर से 9 दिवसीय विशाल 108 अष्टोत्तरशत कुंडात्मक श्री गोपाल महायज्ञ का आयोजन होगा। महायज्ञ का समापन 17 नवंबर को होगा। महायज्ञाचार्य चिरंजीव महाराज होंगे। महायज्ञ के आयोजन का फैसला सभी ग्रामीणों के बीच तय किया गया। यह जानकारी आसपुरा थुणी के संत गोपाल दास महाराज ने दी है अभी से महायज्ञ के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## शिव मंदिरों में कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निस)।** सावन का महीना शुरू होते ही चारों ओर भोलेनाथ के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी है। शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ है, वहीं तीर्थ स्थलों से भक्तों का कावड़ लाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। लोहार्गल तीर्थ धाम, शाकंभरी धाम, किरोड़ी धाम, टपकेश्वर धाम, गणेश्वर धाम, शोभावती धाम आदि तीर्थस्थलों से भक्तों ने दूरदराज के लोग कावड़ लेकर रवाना हुए। श्रद्धालु सोमवार को शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इन तीर्थ स्थलों के रास्ते में कई सेवा शिविर लगे। इन शिविरों में भक्तों को जल, फल और आराम की सुविधा दी जा रही है। रविवार को सीकर व आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में लोग कावड़ लेने रवाना हुए। श्रद्धालुओं ने सोमवार सुबह मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शहर व ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह हर-हर महादेव के जयकारे गूंजे। शिवालयों में विशेष सजावट की गई है। भक्तों में उत्साह और आस्था का माहौल है।

## मण्डावा में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** श्री पीतराणी मन्दिर, मण्डावा के सामने शांतिकुन्ज हरिद्वार के तत्वावधान में आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत टोली नायक रतनगढ के गोपाल स्वामी व आलोक कालोया के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ, दीक्षा संस्कार और यज्ञोपवीत संस्कार से हुई। महिलाएं व कन्याएं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा के साथ यज्ञ में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पं. गोपाल स्वामी ने कहा कि यज्ञ का उद्देश्य मन के भीतर छिपे अहंकार, लालच और ईर्ष्या जैसी नकारात्मक भावनाओं को समाप्त कर आत्मिक शुद्धि की ओर अग्रसर होना है। यज्ञ न केवल व्यक्ति को आंतरिक रूप से शुद्ध करता है, बल्कि पर्यावरण को भी सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। मुख्य यजमान सुरेश देवड़ा व कांता देवड़ा आदि रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में अपनी-अपनी बुराइयों को त्यागने का संकल्प लिया। अंत में भगवान महाकाल की भव्य आरती की गई और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आयोजन में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सीमा देवड़ा, मंजू दुगोलिया, गीता देवड़ा पींकी झुंझुनूंवाला, सरोज मोदी, दिनेशकुमार देवड़ा, शंकरलाल सैनी, रामस्वरूप देवड़ा, प्रहलाद चेजारा, जीवराज सिंह दीनवा, मनीष कुमावत, अनूप शर्मा,हितेष प्रजापति, विनोद महला, दयानन्द कुल्हरि, अरूण देवड़ा, जगदीश चौहाण, सुरेश बुड़ानिया , अशोक सैनी सहित क्षेत्र की अनेक माताएं, बहनें व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

## मण्डावा के मंदिरों में हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक

### गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मण्डावा में सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना शुरू हो गया। इस वर्ष सावन माह 29 दिनों का है, जिससे भक्तों को महादेव की आराधना का विशेष अवसर मिल रहा है। मण्डावा के पारदर्शी शिवालय में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक किया। उन्होंने ? नमः शिवाय का जाप करते हुए भगवान का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने भगवान का तिलक लगाया और पुष्प अर्पित किए। भांग, धतूरा और बेलपत्र चढ़ाए। दूध और जल से अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। कस्बे के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ देखी गई। भूतनाथ महादेव मंदिर, सीयाराम जीबगीची महादेव मंदिर, नीलकण्ठ महादेव मंदिर और नागेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। झुंझुनूं रोड़ स्थित हनुमान मंदिर, रघुनाथ मंदिर और ब्रह्म बगीची महादेव मंदिर पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। कांवड़िये भी धतूरा, सिगड़ी, बेर, मिठाई और बेलपत्र लेकर मंदिरों में पहुंचे। उन्होंने अपनी कांवड़ें चढ़ाई और पूजन किया। मंदिर परिसर 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। पारदर्शी शिवालय में पण्डित रामाकांत नरेड़ा ने विशेष पूजा अर्चना करवाई। इस मौके पर विदेशी पर्यटकों ने भी भोलेनाथ का अभिषेक किया। इस अवसर पूर्व पार्षद कैलाश पीपलवा, भाजपा युवा नेता सुनील सैनी, राजस्थान स्कूल के प्राचार्य अशोक मोगा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शक्ति माता के मंदिर में वार्षिक उत्सव को लेकर मीटिंग आयोजित



जयपुर टाइम्स

**थोई(निस)।** कस्बे के रूपपुरा रोड पर प्राचीन शक्ति माता के मंदिर में वार्षिक महोत्सव को लेकर कार्यकारिणी के सदस्यों और ग्रामीणों की मीटिंग का आयोजन हुआ। शक्ति माता मंदिर कार्यकारिणी के अध्यक्ष श्रीकिशन लील ने बताया कि मीटिंग का आयोजन शक्ति माता के वार्षिक उत्सव को लेकर सभी के सुझाव लिए गए और भव्य बनाने के लिए चर्चा की गई। शक्ति माता का वार्षिक उत्सव 28 अगस्त को है, जिसमें भंडारे को लेकर भी चर्चा की गई। मीटिंग में सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस बार सवा तेहरा किवंटल का भंडारा होगा जिसके लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई। इसके साथ ही वार्षिक उत्सव को लेकर और भी चर्चा की गई अगली मीटिंग 20 जुलाई को होगी। इस दौरान रोहिताश मील, शीशराम लील, राजेंद्र साहु, रूडमल लील, रत्तीराम लील, जयराम लील, विरेन्द्र सिंह, रामस्वरूप लील, रामावतार, विक्रम भाईजी, खेमचंद सेठ, संदीप कुमार, गणपतराम लील, जितेन्द्र लील, मंदिर पुजारी छीतरमल कुमावत उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर को लेकर तैयारियों की समीक्षा



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** कस्बे में समाजसेवी व शिक्षाविद रीता चंद्र सक्सेना की पुण्य स्मृति में मंगलवार को रोटरी क्लब, सीसीएस शिक्षण संस्थान समूह व सर्व समाज की ओर से आयोजित होने वाले विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए रोटेरियन व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभी रोटेरियन ने रक्तदान करने के लिए लोगों से अपील की। बैठक में सीसीएस शिक्षण संस्थान समूह के सचिव व रोटेरियन डॉ अजय सक्सेना, रोटेरियन रघुनाथ जाट एसबीआई, रोटरी सह प्रांतपाल डॉ भंवर सिंह ताखर, रोटेरियन झाबर बिजारणियां, रोटेरियन सुभाष बिजारणियां आदि मौजूद रहे।

## शेष बाबा डूंगरी पर मेला आज




जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे के जमात स्थित शेष राम बाबा की पाली डूंगरी पर नाग पंचमी के पर्व पर मेले का आयोजन होगा। मेले की पूर्व संध्या पर विशाल जागरण में साधु संतों की वाणी से भजनों की रसगंगा में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। मंदिर के महंत दयाल दास महाराज ने बताया कि मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी है। मेले में प्रदेश भर से श्रद्धालु पधारेंगे। मेले की तैयारियों को लेकर पार्षद शिवदयाल स्वामी ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे से श्री दादू वाणी के पाठों का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात शाम को रात्रि जागरण का कार्यक्रम में श्रद्धालुओ ने आनन्द लिया और मंगलवार को नाग पंचमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति विशाल मेले का आयोजन होगा। जिसमे आस पास क्षेत्र व प्रदेश भर से अनेक दादूपंथी साधु संत पधारेंगे। मेले में हजारो की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर धोक लगाने आते है। पार्षद घनश्याम स्वामी ने बताया कि बाबा के चमत्कारिक स्वरूप श्रद्धालु जानते हैं। बाबा ने हर जीव की रक्षा की है, बाबा के दरबार में श्रद्धालु कच्चे नारियल व प्रसाद का भोग लगाते हुए बाबा से मन्नत मांगते हैं। सोमवार को बाबा को भोग लगाते हुए बाबा मनसाराम की बगीची में बद्री प्रसाद सैनी ने प्रसादी का आयोजन किया जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु ने प्रसादी ली। साथ ही आज मंगलवार को लगने वाले मेले में क्षेत्र के कई लोग जलपान, जूस, छाछ इत्यादि की व्यवस्था करेंगे। जमात के युवकों की ओर से मालपुवा व कढ़ी का विशाल भंडारा लगाया जाएगा।

## पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान पब्लिक स्कूल उमावि, मण्डावा में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत दर्जनभर छायादार व फलदार पौधे लगाए गए और उनके देखभाल का विद्यार्थियों ने संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का संदेश देते हुए स्कूल प्रबंध समिति के सचिव सुभाष चन्द्र मोगा ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी का फर्ज है कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद नियमित रूप से उनकी सार संभाल करनी चाहिए ताकि पौधे, वृक्ष का रूप ले सके। मोगा ने आमजन से भी अपील की है कि हमें समय समय पर पौधारोपण करना चाहिए और हमें लगाए गए पौधों की देखरेख भी करनी चाहिए। प्रधानाचार्य अशोक मोगा ने भी विद्यार्थियों को वृक्षारोपण का महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव सुभाषचंद्र मोगा, बिजेन्द्र सिंह, रोहिताश, अशोक कालेर, रामावतार कॉटेवाल, नरेश शर्मा, शंकर सिंह, तयुब, नदीम अली, मूलचन्द, जुगल किशोर, निशा कालेर, अनिता, संगीता, निर्मला, सुमित्रा, मनोज, सुभाषचंद्र, अमित, प्रदीप, शशिकान्त, दीनदयाल, अशोक पूनिया, ओमवीर, मोहर सिंह, महावीर, विकास आदि उपस्थित रहे।



## महिला महाविद्यालय में पौधारोपण किया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केशर देव, प्रभारी हीरा लाल डॉ सुभाषचंद्र बोला, डॉ.मोहन लाल, डॉ सुनीत मील, डॉ श्याम सुंदर वर्मा, अरशद हुसैन, पंकज कुमार तिवाड़ी, अक्षय मोदी, कृष्ण कुमार, जगदीश राय, प्रेम आदि उपस्थित रहे।

## शिव मंदिरों में उमड़ा श्रध्दा का सैलाब, किया जलाभिषेक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सावन माह के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर के मंदिरों में नम शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज उठी। सुबह चार बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई, जो करीब 11 बजे तक जारी रही। भक्तों ने भगवान शिव का दूध, जल, घी, शहद, गंगाजल, शक्कर, दही, बेलपत्र, भांग, धतूरा और आक के पुष्प से अभिषेक किया। इसमें युवतियों, महिलाओं और युवकों की भारी भीड़ देखी गई। शहर के प्रमुख मंदिरों शंकरनाथ छतरी, महामंगलेश्वर महादेव मंदिर, गंगा माई मंदिर और पौदारों की छतरी में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लग गई। इसके अलावा अगुणा मोहल्ला के संचिया माता मंदिर, बालाजी मंदिर, और पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। नया बास के शिव मंदिर, नया बस स्टैंड स्थित शिव पार्वती मंदिर और गढ़ स्थित ठाकुरजी के मंदिर में भी पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभाली। अगुणा मोहल्ला के पंडित महेंद्र शास्त्री के अनुसार इस बार सावन माह में विशेष संयोग बन रहे हैं।

## गीता के ज्ञान का प्रकाश हर घर और प्राणियों तक पहुंचना चाहिए- हरि शरण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में चल रही गीता क्लासेज में रविवार को हरि शरण महाराज पहुंचे। इस अवसर पर हरि शरण महाराज ने कहा कि हमें ईश्वर को साक्षी मानते हुए उस पर विश्वास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता के ज्ञान का प्रकाश हर घर और प्राणियों तक पहुंचना चाहिए। इस दौरान महाराज ने बच्चों को उपहार और सरल गीता वितरित की। इससे पूर्व आचार्य निरंजन ने बच्चों को नियमित अध्ययन के दौरान गीता का ज्ञान करवाया। इस दौरान आचार्य महेश शर्मा ने बच्चों को 12वें और 15वें अध्याय का अध्ययन करवाया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने गीता क्लासेज टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर माधुरी शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, दिव्या शर्मा, मोहित सिंघानिया, विशाल सिंघानिया, पूजा खंडेलवाल, प्रमोद गौड, आरती बजाज, रेनू बजाज कमला कस्वां आदि उपस्थित रहे। सिंघानिया ने बताया कि अब गीता क्लासेज रतनगढ़ में भी प्रत्येक रविवार को शाम 4 से 6 बजे तक नया रामदेव मंदिर में आयोजित की जाएगी और 3 अगस्त को गीता क्लासेज चूरू का वार्षिकोत्सव भी मनाया जाएगा।

## टीम राणा सुपर किंग्स ने जीता खिताबी मुकाबला

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राणा प्रीमियर लीग का खिताबी मुकाबला कृष्णा एकेडमी सुजानगढ़ में हुआ। जिसमें फाइनल मुकाबला टीम राणा सुपर किंग्स वर्सेज टीम राणा रॉयल्स के मध्य खेला गया। टीम राणा सुपर किंग्स ने 10 रनों से मुकाबला अपने नाम किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच प्रेम राणा रहे। यह प्रतियोगिता चार दिवसीय आयोजन था, जिसमें राणा समाज की 8 टीमों ने भाग लिया। ऑक्शन नीलामी के माध्यम से प्लेयर चुने गए। समिति के जितेंद्र राणा और लालचंद राणा ने बताया कि समाज का यह टूर्नामेंट काफी शानदार रहा युवा प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भरत सिंह राणा कनवारी, शेरसिंह भाटी, प्रकाश कथक, मुकेश गोदारा रहे। इस मौके पर बंटी सोनगरा, दिनेश राणा, ओंकार पंवार, कमल परिहार, हेमंत सोनगरा, अरविंद परिहार मौजूद रहे।



## चूरू जिले में पीएमएमएसवाई के तहत खारा पानी एक्वा कल्चर कलस्टर विकास के होंगे कार्य

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी मंत्रालय की ओर से चूरू जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना पीएमएमएसवाई के तहत खारा पानी के एक्वाकल्चर कलस्टर के विकास कार्य करवाए किए जाएंगे। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद खान ने बताया कि मत्स्य विभाग की ओर से 27 जनू को चूरू जिले में खारा पानी एक्वाकलस्टर के लिए अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2020–21 से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू की गई है, जो कि मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने, पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को सुविधाजनक बनाने, उच्च आय उत्पन्न करने, संगठित तरीके से मत्स्य पालन व एक्वाकल्चर की वृद्धि और विस्तार को तेज करने के लिए कलस्टर-आधारित दृष्टिकोण को अपनाने पर केन्द्रित है। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्पादन और प्रसंस्करण कलस्टर्स पर मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है, ताकि क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण में मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर क्षेत्र के विकास में अपने प्रयासों को मजबूत किया जा सके। भारत सरकार के मत्स्य विभाग की ओर से चूरू कलस्टर में गतिविधियों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## शिविलयों में गूंजे बम बम भोले के जयकारे, भगवान भोलेनाथ का किया दुग्ध अभिषेक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में सावन के प्रथम सोमवार को शहर के शिविलयों में प्रातः 4 बजे से भोलेशंकर की पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमडने लगी और बम बम भोलेनाथ के जयकारे गूंजने लगे। श्रीईच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर स्थित शिवालय में सावन के प्रथम सोमवार को भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना के साथ दुग्ध अभिषेक किया गया। इस दौरान शिवालय को फूलों से सजाया गया और भगवान शिव का श्रृंगार किया गया। पंडित शिवाकांत पारीक और पंडित कृष्ण देरासरी ने बताया कि प्रथम सोमवार को मुख्य यजमान मंदिर निर्माता सेठ मूलचंद मालू की धर्मपत्नी विजियादेवी, पौत्र विनित व पौत्री साक्षी मालू व दामाद शुभांकर जैन हर्षिता जैन, कनिष्क धाडेवा, यष्मिता धाडेवा ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर 101 किलो दुग्ध से शिव का अभिषेक किया। वहीं सायं 5 बजे हवन किया गया। मंदिर में पूरे श्रावन मास 11 पंडितों की ओर से महामृत्युंजय जाप किया जा रहा हैं। इससे पूर्व मालू परिवार ने बालाजी के 11 सवामणी का भोग अर्पित कर देश में सुखसमृद्धि की मन्नत मांगी। इस अवसर पर पंडित त्रिलोक चंद, श्रीधर, सीताराम पुजारी, पंडित शिवाकांत व पंडित कृष्ण देरासरी ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न करवाई। मंदिर व्यवस्थापक राजेन्द्र नाहटा, मनोज पारीक, महावीर पारीक, रतनलाल सैन, कमल पारीक उपस्थित रहे। इसी क्रम में राजवाला कुआं के पास स्थित प्राचीन शिवालय, गणेश मंदिर स्थित शिवालय, सब्जी मंडी स्थित रघुनाथजी मंदिर स्थित शिविलयों में भक्तों की भीड लगी रही और ओम नमः शिवाय के जाप किए गए।

## भाजपा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर शारदा मण्डावरिया, संतोष देवी भूकर, विजय चौहान, गोपाल पारीक, सुमन सांभरिया, अमरचंद मोयल को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मंडल महामंत्री पद पर प्रकाश भार्गव, गौरव इंदोरिया, मंडल मंत्री देवेंद्र भाटी, यशोदा प्रजापत, राजेश सैन, प्रियांशु लड़ा, मुरारी खंडेलवाल, सूरज तेजस्वी को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी को बनाते हुए 46 सदस्यों के नामों की घोषणा भी की गई है।

## चोरियों का खुलासा करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़.(नि.सं.)।** कॉमरेड जगदीश नाथ ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ में हो रही चोरियों का खुलासा करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि शहर में विभिन्न वार्डों में हुई चोरियों का आज तक खुलासा नहीं होना चिंता का विषय है। शहर के नलिया बास में 30 जून को एक ही रात में तीन महिलाओं के गले से मंगल सूत्र के लॉकेट तोड़ने की घटना हुई। इसी प्रकार नानूराम जादम की बाईक भी चोरी हुई। लेकिन आज तक इन घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ। अतः चोरियों का खुलासा किया जाए एएसपी ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## विवाह समिति के राधेश्याम काम्या अध्यक्ष, मारवाल मंत्री व भाटी को कोषाध्यक्ष चुना

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** कुम्हार कुमावत सामूहिक विवाह समिति सीकर की मीटिंग सोमवार को कुमावत छात्रावास नवलगढ़ रोड, सीकर में समिति के अध्यक्ष रामावतार जलांधरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग में आगामी 23 जनवरी 2026 बंसन्त पंचमी को होने जा रहे सातवें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही समिति का पुनर्गठन भी उपस्थित सभी समाजबंधुओं की ओर से किया गया समिति के अध्यक्ष राधेश्याम काम्या, मंत्री जानकीलाल मारवाल व कोषाध्यक्ष के लिए बृजमोहन भाटी को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान रामावतार जलांधरा, मनोहर लाल चतेरा, सीताराम भोडिवाल, रामस्वरूप जलांधरा, राजेश चेजारा, राजेन्द्र पारमुवाल, नितेश पारमुवाल,नागरमल देहीवाल, सूरजमल धुवरिया, शिवपाल ख्यालिया, रामदेव भाटी, गिरधारीलाल घोड़ेला, प्रभुदयाल तूनवाल, चिरंजीलाल भरोदिया,बद्रीप्रसाद सुरेतिया, मंगलचंद किरोड़ीवाल, प्रदीप निराणीयां, हरीराम निरणीयां, रामस्वरूप मारोठिया, सुगन चंद भाटी, कुरड़ाराम माचीवाला, राजेंद्र भोडिवाल, नथमल किरोड़ीवाल, रामगोपाल भोड़ीवाल, राजेंद्र खोवाल, दीपचंद मंडावरा, मनीष कुमावत, चंपालाल भाटी, शिवप्रसाद लुहानिवाल, रामावतारभोभरिया, संदीप पारमुवाल, गणपत लाल जलिन्द्रा, प्रेमराज घोड़ेला, बनवारी लाल घोड़ेला आदि उपस्थित रहे।

## कामधेनु गौ चिकित्सालय में दवाइयों का वितरण

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** सालासर रोड, नानी स्थित कामधेनु गौ चिकित्सालय में रूपा फाउंडेशन, कोलकाता की ओर से बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गायों के इलाज के लिए आवश्यक चिकित्सा दवाइयाँ प्रदान की गईं। इस अवसर पर सीए सुनील मोर ने जानकारी दी कि रूपा फाउंडेशन समय-समय पर गौसेवा के लिए चिकित्सा दवाइयाँ उपलब्ध कराता आ रहा है। गायों की देखभाल और उनके स्वास्थ्य की रक्षा को संस्था अपनी सामाजिक जिम्मेदारी मानती है। उन्होंने बताया कि इस सहयोग से चिकित्सालय की उपचार प्रक्रिया और अधिक सशक्त होगी, जिससे बीमार व घायल गायों का समय पर उपचार संभव हो सकेगा और उनके जीवन की रक्षा हो सकेगी। रूपा फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समुदाय की बीमार और असहाय गायों की देखभाल करें और उन्हें उचित चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि गौसेवा, मानव सेवा का ही एक रूप है, और इस दिशा में फाउंडेशन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।कामधेनु गौ चिकित्सालय के प्रभारी ने रूपा फाउंडेशन के ट्रस्टी पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाला, घनश्याम प्रसाद अग्रवाला व कुंज बिहारी अग्रवाला का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह योगदान हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल बीमार गायों के उपचार में मदद मिलेगी, बल्कि यह सेवा भावना को भी दर्शाता है।"यह पहल न केवल कामधेनु गौशाला के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इससे अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे गौसेवा जैसे कार्यों में भाग लें और इस पुनीत कार्य में सहयोग करें।

## श्री दिगम्बर जैन एज्युकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी पद के चुनाव संपन्न

### अनुभव सेठी-पदमचंद पिराका-मनोज बज-देवेन्द्र छाबड़ा बॉबी-नरेश कालिका ट्रस्टी बने

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** जैन समाज की ओर से संचालित श्री दिगम्बर जैन एज्युकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी पद के चुनाव बजाज रोड़ स्थित जैन स्कूल प्रांगण में संपन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी चिरंजीलाल कासलीवाल व सह चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश कासलीवाल व वरुण बड़जात्या की ओर से यह चुनाव संपन्न करवाए गए। मीडिया प्रभारी विवेक पाटोदी ने बताया कि ट्रस्टी सुवालाल बड़जात्या व ट्रस्टी माणकचंद जयपुरिया की ओर से मुख्य चुनाव अधिकारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। ट्रस्ट मंडल के चुनाव में अनुभव सेठी, पदमचन्द पिराका, मनोज बज, नरेश कालिका एवं देवेन्द्र जैन ( बॉबी ) ट्रस्टी चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से चुने गए ट्रस्टियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। ट्रस्टी सुवालाल बड़जात्या व माणकचंद जयपुरिया की ओर से समस्त नवीन ट्रस्टियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सह चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश कासलीवाल ने उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं, मतदाताओं का शांतिपूर्ण मतदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## बेस्ट आइकॉनिक वरमाला का अवार्ड गैरी सर को



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के मूल निवासी गैरी सर (अरुण भाटी) पुत्र धनराज भाटी ने सर्वश्रेष्ठ नृत्य मंडली और कोरियोग्राफ़ी के लिए मुंबई में आयोजित वॉव अवाईस एशिया 2025 में बेस्ट आइकॉनिक वरमाला ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार जीता है। कार्यक्रम में पूरे एशिया के नृत्य कोरियोग्राफ़र और नृत्य मंडली से टीमें इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं। जिसमें अरुण (टीम गैरी सर) ने बेस्ट आइकॉनिक वरमाला ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार समारोह मुंबई के सबसे बड़े आयोजन स्थल जियो कन्वेंशन सेंटर बांद्रा में हुआ। कार्यक्रम में पद्मश्री टेनिस प्लेयर महेश भूपति ने भी शिरकत की।

## अभिनेष महर्षि ने किया भोले का रुद्राभिषेक



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने सपत्नीक भगवान भोलेनाथ का रुद्रा अभिषेक किया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, चूरू क विधायक हरलाल सहारण, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री बासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, सादुलपुर विधानसभा प्रत्यासी सुमित्रा पूनिया, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, राजेंद्र नायक, ओम सारस्वत आदि ने भी भगवान शिव के रुद्राभिषेक में भाग लिया। रुद्राभिषेक में हजारो की संख्या में शामिल होकर रतनगढ़ विधानसभा व प्रदेश के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर हजारो की संख्या में विधानसभा क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शहीद भगतसिंह स्मृतिवन में किया पौधारोपण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गांव खोतड़ी स्थित शहीद भगतसिंह स्मृति वनखंड में पारिवारिक वानिकी मिशन के तहत पौधारोपण किया गया ।मिशन के ब्लॉक संयोजक प्रकाश चौधरी ने बताया कि समाजसेवी मनोज कुमार मूंड और सीताराम पड़गड़ की स्मृति में गांव के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रकाश चौधरी ने बताया कि अधिकाधिक पेड़ लगाकर प्रकृति को बचाने में योगदान देना ही पुण्यात्माओं के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई से शुरू हुए इस अभियान को राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत और चरणसिंह पारिवारिक वानिकी विचार मंच की ओर से पूरे प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। इस अवसर पवन मूंड, विकास मूंड, बीरबल पड़गड , भागीरथ, राजकुमार, विजयपाल , विकास पड़गड, डूँगरमल ,गिरधारी मूंड , बृजलाल, देवकरण, गोपाल ख्यालिया, विधाधर भंवरिया, अशोक नायक, सुरेंद्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत रतनगढ़ तहसील के विभिन्न गांवों सहित जिले के जैतसीसर, उडसर लोडेरा , गाजुसर, राघा बड़ी, खुड़ी, बूटियां, बलाल, बामणिया, बैरासर, भोजाण, भींचरी, लाछड़सर, भादासर, चूरू शहर के विद्यालयों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया गया।

## किसान महापंचायत कार्यकर्ता सम्मेलन 17 को

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** यमुना का पानी गढटक जीवीनेत के प्राकृतिक नालों मे लाने के लिए 17 जुलाई को किसान महापंचायत के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा। किसान महापंचायत अजीतगढ़ तहसील के अध्यक्ष सीताराम यादव ने बताया कि यमुना का पानी गढ़टकनेट के प्राकृतिक नाले में लाने को लेकर एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन 17 जुलाई को नांगल स्थित तेजाजी मंदिर में 9बजे आयोजित होगा जिसमें किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट, प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया, प्रदेश मंत्री बत्तीलाल, सीकर जिला अध्यक्ष बलदेव यादव समेत अनेक किसान नेता कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यमुना के पानी को गढ़टकनेत के प्राकृतिक नाले में लाने को लेकर एक विशेष रणनीति बनाई जाएगी, साथ ही एमएसपी का गारंटी कानून बने, व युवाओं को काम मिले आदि मुद्दों पर यह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है !जिसमे अनेक किसान महापंचायत के कार्यकर्ता भाग लेंगे ! यह निर्णय 14 जुलाई को आयोजित किसान महा पंचायत की मीटिंग में लिया गया है।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
15 जुलाई, 2025

## चूरू में इंद्र देव मेहरबान, गाया राग मल्हार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सावन के पहले सोमवार को चूरू जिले पर मेघ मेहरबान हुए। रूक-रूक कर दो-तीन बार तेज बारिश हुई। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे करीब दस मिनट तक अच्छी बारिश हुई। शाम साढ़े चार बजे दोबारा झमाझम बारिश शुरू हुई और उसके बाद शाम 6 बजे लगभग 40 मिनिट तक जबरदस्त बारिष हुई। बारिश के बाद किसानों के चेहरों पर रौनक देखी गई वहीं निकासी के अभाव में षहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। लोहिया कॉलेज, भरतिया अस्पताल के सामने, जौहरी सागर क्षेत्र, नेचर पार्क के सामने, नया बस स्टैंड और वृद्धाश्रम के सामने पानी जमा हो गया। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश के ऊपर बना परिसंचरण तंत्र तीव्र होकर कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। यह सिस्टम उत्तर पूर्वी राजस्थान और आसपास के क्षेत्र के ऊपर बना हुआ है। अगले दो-तीन दिनों में यह पश्चिमी राजस्थान की ओर बढ़ेगा। 15 जुलाई को कोटा, अजमेर और जोधपुर संभाग के कुछ हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। 16 जुलाई को जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है।

## पंडित जयदेवप्रसाद इन्दौरिया की 104 वीं जयंती पर पौधरोपण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पंडित जयदेवप्रसाद इन्दौरिया की 104वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए और पौधरोपण कर यह अवसर मनाया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सुरेंद्र सिंह, डॉ. रामानुज महर्षि, नरेंद्र इन्दौरिया, पार्षद निखिल इन्दौरिया, श्यामसुंदर स्वामी, महावीर महर्षि, कैलाश पारीक, दिलीप सोनी, गोपाल सोनी, दिलीप महर्षि, रमेश मोयल, इन्द्रचंद बीयाला, सज्जन सिंह कुशूमदेसर, दिलीप चौमाल, बनवारीलाल स्वामी, विनोद ठठेरा, राकेश कौशिक, एडवोकेट प्रशांत महर्षि और सक्तिधर त्रिवेदी सहित शहर के कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**मूंडरू(निस)।** श्रीमाधोपुर विकास अधिकारी सुनील कुमार ने सोमवार को ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। विकास अधिकारी ने महरौली, भारनी, फूटाला, मूंडरू व नाथूसर ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारियों व सरपंचों से पौधारोपण की जानकारियां ली। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान सरकार की ओर से हरियालो राजस्थान के तहत ग्राम पंचायत वार दो हजार पौधे लगाने के निर्देश दिए गए है। पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के नागरिकों को अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारियों से नरेगा सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम एसीबीईओ मंजू पंवार ने अध्यक्षता की। वार्षिक प्रतिवेदन कन्हैयालाल ने प्रस्तुत किया। आय-व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष आशुराम खटीक ने रखा। इस अवसर पर वर्तमान वर्ष के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व प्रभारी ओमप्रकाश देवठिया का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया और बेस्ट स्काउटर राजेंद्र सिंह ढ़ाका को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमला शर्मा, केसरीसिंह, जितेंद्र सोनी, रणवीरसिंह महरिया आदि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल ने किया।

## विद्युत करंट से युवक की मौत

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिली में विद्युत करंट से एक युवक की मौत हो गई। भंवरलाल पुत्र नरसीराम सांसी निवासी गांव जिली ने सदर पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया है कि हमारे घर के समीप स्थित खंबे पर सुबह बार-बार लाईट आ रही थी और जा रही थी। तभी मेरा छोटा भाई सुरजाराम के खंबे की ताण के पास जाकर खम्बे के तारों को लठ से हिलाने लगा। तभी अचानक वह खम्भे की ताण से चिपक गया और बाद में उछल कर दूर गिर गया। जिसके बाद लोगों की सहायता से उसे सुजानगढ़ के बगड़िया अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने मेरे भाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा

# सरदारशहर में राजकिरण का ही रहेगा 'राज'





जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी के खिलाफ असंतुष्ट पार्षदों की ओर से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सोमवार को गिर गया। ज्ञात रहे 30 मई को भाजपा और कांग्रेस के असंतुष्ट 44 पार्षदों ने जिला कलेक्टर के समक्ष पेश होकर अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। जिस पर जिला कलेक्टर ने 27 जून का समय निर्धारित किया था। लेकिन उस दिन निर्वाचन अधिकारी सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम की तबियत खराब होने के कारण मीटिंग स्थगित हो गई और जिला कलेक्टर ने 14 जुलाई की आगामी मीटिंग तय की थी। जिस पर 14 जुलाई को नगरपरिषद के सभागार में प्रातः 10.30 बजे संपूर्ण व्यवस्था के साथ निर्वाचन अधिकारी एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी, तहसीलदार रतनलाल मीणा उपस्थित रहे। लेकिन समय 11बजे से 12 बजे तक कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों के नहीं पहुंचने पर निर्वाचन अधिकारी ने अविश्वास प्रस्ताव गिरने की घोषणा की। जिस पर नगरपरिषद के आगे गांधी चौक में उपस्थित सभापति चौधरी के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी, गुलाल लगाकर व आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटकर अविश्वास प्रस्ताव की जीत का जश्न मनाया। इस दौरान मंच पर पूर्व? मंत्री राजेन्द्रसिंह राठौड़ ने राजकरण चौधरी को माला पहना कर स्वागत किया। राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि ये विकास की जीत है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता निष्ठा के साथ पार्टी हित और देश के विकास की सोच के साथ कार्य करता है। ये नरेंद्र मोदी की पार्टी है जो हवेलियों में नही बल्कि आम कार्यकर्ता की पार्टी है। उन्होंने कहा राजकरण तुम सरदारशहर का विकास करो हम तुम्हारे साथ हैं। तुम्हारा जहां पसीना गिरेगा, वहां राठौड़ का खून बहेगा। इस अवसर पर सभापति चौधरी ने राठौड़ सहित भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरदारशहर की जनता ने मुझे विकास कार्यों को करने के लिए सभापति बनाया है। विकास कार्य करवाए हैं और जो बाकी है उन्हें शीघ्र पूरे किए जाएंगे और साथी पार्षदों को साथ लेकर वार्डों के कार्य पूर्ण करने में कोई कमी नही रहने दी जाएगी। इस दौरान चूरू विधायक हरलाल साहरण, जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, दीपेंद्र सिंह राहड़, वासुदेव चावला, मुरलीधर सैनी, सुरेश वर्मा, सत्यनारायण सारण, मधुसूदन राजपुरोहित, लालचंद मूंड, इशरराम डूडी, श्योकरण पोटलिया, सुनिल मीणा, हंसराज सिद्ध, गिरधारीलाल पारीक, दिनेश सोनगरा, राजेन्द्र सिंह छाजूसर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके पश्चात सभापति चौधरी को बैण्ड बाजों के साथ कार्यकर्ताओं की ओर से जुलूस के साथ मुख्य बाजार, घंटाघर होते हुए उनके आवास तक ले गए।

### राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त व विकास आयोग अध्यक्ष की प्रेस वार्ता

## पिछड़े व वंचित वर्गों के उत्थान के लिए संकल्पित प्रयास कर रही प्रदेश सरकारः नायक

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त व विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर विभागीय योजनाओं व गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिछड़े व वंचित वर्गों के उत्थान के लिए संकल्पित प्रयास कर रही है। सरकार का ध्येय है कि वंचित वर्ग को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में लाया जाए। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि आयोग की ओर से विभिन्न योजनाओं में दिए जाने वाले ऋण पूर्व में प्रदेश स्तर से वितरित किए जाते थे, जिनके कारण आशार्थियों को काफी समस्याओं व देरी का सामना करना पड़ता था। अब आयोग की ओर से वित्तीय शक्तियों का विकेन्द्रीकरण करते हुए जिला स्तरीय अधिकारी को ही ऋण वितरण की शक्तियां प्रदान की गई हैं। इससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच व लाभ अधिक सुगम हो सकेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने एकमुश्त समाधान योजना के माध्यम से विभिन्न योजनाओं में ऋणियों की ओर से ऋण नहीं चुका पाने के कारण अतिरिक्त ब्याज व पेनल्टी को माफ करते हुए एकमुश्त जमा करवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस अवसर पर उन्होंने आयोग की नीतियों, निर्णयों व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

## क्षमताओं को पहचानकर अनुशासन व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंः सुराणा

### जिला कलक्टर ने डाइट में किया पौधरोपण

### विद्यार्थियों को दिया कैरियर गाइडेंस



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान 'हरियालो राजस्थान' के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य की नींव भी रखते हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल को अपना कर्तव्य समझें। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने डीएलएड विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान में तकनीकी कौशल व ज्ञान के साथ नियमित पुस्तक अध्ययन की आदत विकसित करें। नियमित अध्ययन व अनुशासित दिनचर्या प्रत्येक लक्ष्य के लिए आधार है। उन्होंने कहा कि हर छात्र को अपने अंदर की क्षमताओं को पहचानते हुए मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा, शिक्षा, नवाचार और तकनीक जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की बात कही। सीडीईओ व डाइट प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड़ ने जिला कलक्टर का स्वागत किया। इस अवसर पर नरेन्द्र उपाध्याय, कुसुम शेखावत, विजयलक्ष्मी शेखावत, प्रसन्ना मीणा, ओमप्रकाश बारूपाल, भीष्म प्रकाश सहारण, ओमप्रकाश कस्वां, राजेंद्र झाझड़िया, राकेश मोटसरा, मंजू चौधरी, महेन्द्र शर्मा, संजय गुप्ता, अफजल अली, हेमन्त, श्यामलाल, निहालसिंह लांबा, रामनिवास चाहर सहित डीएलएड विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पानी की मोटरों को चालू रखने में लापरवाही, जनता परेशान

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** हमारे पिया घर नहीं और हमें किसी का डर नहीं...वाली कहावत इन दिनों सुजानगढ़ में चरितार्थ हो रही है। दरअसल नगरपरिषद में पिछले काफी महीनों से आयुक्त का पद खाली है। जिसके चलते सरदारशहर आयुक्त मघराज डूडी के पास सुजानगढ़ का अतिरिक्त चार्ज है। अब जाहिर सी बात है कि सुजानगढ़ में स्थायी आयुक्त नहीं होने से कर्मचारियों के साथ-साथ ठेकेदारों की भी बल्ले बल्ले हो रखी है। इसी का नजारा चापटिया तलाई पर देखने को मिला। जैसाकि सबको पता है कि दो तीन बारिश में सुजानगढ़ शहर के जलाशय पानी से लबालब भर गए हैं और ओवर फ्लो होने वाले हैं। ऐसे में यह उम्मीद की जाती है कि पम्प हाउस में लगी पानी की मोटरों को 24 घंटे चलाया जाए। लेकिन चापटिया तलाई स्थित पम्प हाउस पर सोमवार को दोपहर में जाकर देखने पर पाया गया कि मोटर बंद पड़ी थी और एक कर्मचारी भी मौके पर बैठा था। कर्मचारी को मोटर बंद होने का कारण पूछने पर उसने कहा कि पहले लाईट नहीं थी। अब लाईट आ गई है मोटर चालू करता हूं। इस कर्मचारी ने कुर्सी से उठकर ज्योंहि मोटर चालू की, तो बड़ा अजीब नजारा उपस्थित हो गया। पानी लिफ्ट होकर सारा का सारा पम्प हाउस के कमरे में ही बारिश करने लगा। लीकेज के कारण पानी पूरा का पूरा पप्प हाउस में बारिश करने लगा। जिस पर कर्मचारी ने बताया कि ये शायद अभी खराब हुआ है। इस पर उसने किसी को फोन करके बिजली बंद करवाई, तब जाकर पंप हाउस बंद हुआ। इसी प्रकार दूसरा जनरेटर सैट शिव मंदिर की तरफ रख हुआ था वो भी बंद मिला। दूसरी ओवर तलाई ओवरफ्लो होकर पानी श्मसान के सामने भर गया है और हर साल की तरफ इस बार भी लोगों को श्मसान घाट जाने में तकलीफ होगी। पास में स्थित स्कूल जाने वाले बच्चों को तकलीफ होगी। भाजपा नेता कमल दाधीच से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि तलाई का पानी टूटने में वक्त लगेगा, इसलिए इस बार भी अस्थाई पुल का निर्माण करवाना पड़ेगा, क्योंकि मंदिर, स्कूल आदि जगहों में जाने के लिए रास्ते की जरूरत पड़ती है। लेकिन हकीकत ये है कि मोटर चलाने के प्रति कर्मचारी अगर गंभीर होते, तो ये हालात नहीं होते।

## गांव रायपुरा में प्रेमी युगल ने पानी की डिग्गी में कूदकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स





**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा थाना अंतर्गत गांव रायपुरा के खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूबने से प्रेमी युगल की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची भानीपुरा पुलिस ने दोनों प्रेमी युगल के शवों को पानी की डिग्री से बाहर निकलवा कर राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के आने के बाद दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए। भानीपुरा थाने के हेड कांस्टेबल प्रहलाद सिंह ने बताया कि रविवार को थाने में एक गुमशुदगी दर्ज हुई थी। जिस पर पुलिस की ओर से कार्रवाई शुरू की गई। सोमवार सुबह सूचना मिली कि गांव रायपुरा के पास में एक खेत में बनी पानी की डिग्गी में दो शव पानी में तैर रहे हैं। जिस पर मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया तो गांव रायपुरा के दोनों प्रेमी युगल ने पानी की डिग्गी में कुदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया। दोनों प्रेमी युगल के परिजनों को मौके पर बुलाकर दोनों शवों की शिनाख्त गांव रायपुरा का मुकेश कुमार पुत्र सोहनराम मेघवाल व सपना पुत्री राजुराम वाल्मीकि के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया। परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी। मृतक मुकेश कुमार के पिता सोहन राम उर्फ पप्पू राम पुत्र हजारी राम मेघवाल ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि रविवार को मेरा पुत्र व राजूराम की पुत्री गांव से गायब हो गए थे। भानीपुरा थाने में दोनों की गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। सोमवार को पुलिस से सूचना मिली कि गांव के पास में गांव धाणसिया निवासी रामनिवास पांडिया के खेत में बनी पानी की डिग्गी में शव मिले हैं। जिस पर मौके पर पहुंचकर दोनों की शिनाख्त की गई। भानीपुरा पुलिस की ओर से परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार दोनों प्रेमी युगल का प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिस वजह से दोनों ने पानी की डिग्गी में डूबकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## स्वतंत्रता दिवस आयोजन पूर्व तैयारी बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 2025 पूरे हर्ष व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय आयोजन की पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की तैयारी बैठक आयोजित हुई।बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमापूर्वक तथा भव्यता से मनाए जाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर लें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए कि जिले में सभी राजकीय, गैर सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रात 8 बजे एवं जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रात 9.02 पर मुख्य अतिथि की ओर से ध्वजारोहण किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों के प्रस्ताव राज्य स्तर पर 20 जुलाई तक भिजवाए जा सकेंगे और जिला स्तर पर सम्मानित होने वालों के प्रस्ताव स्पष्ट अभिशंषा के साथ 8 अगस्त तक मांगे गए है।

### एबीवीपी का प्रदर्शन, प्राचार्य कार्यालय में नारेबाज़ी और हंगामा

**सीकर (निस)।** राजकीय कला महाविद्यालय कटराथल में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्राचार्य कार्यालय में घुसकर नारेबाज़ी की और जमकर हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि महाविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। विषय सुधार के लिए पोर्टल को महाविद्यालय स्तर पर जल्द से जल्द खोला जाए, विद्यार्थियों की त्रुटियों को सुधारा जा सके नवीन लाइब्रेरी, खेल मैदान सहित विभिन्न माँगो को लेकर ज़ोरदार प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विभाग संयोजक उत्तम चौधरी अभिजीत सिंह, सत्येन्द्र योगी, कानसिंह राठौड़, कृष्ण सेवदा, राजवीर, दिनेश, पंकज, अमन, योगिता, वीर, हंसराज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।